R.N.I.No. UPHIN/2016/66574

हिन्दी साप्ताहिक

# मिशन संदेश

Website: https:://www.missionsandesh.com E-mail-missionsandesh.skn@gmail.com

मो.सईद पठान (प्रधान संपादक)
डॉ. अब्दुल गनी (प्रभारी)
राजधानी दिल्ली ब्यूरो कार्यालय
58, गली नम्बर 04 न्यू लाहौर शास्त्री नगर- नई दिल्ली 110031
संपर्क - +917860848485

वर्ष : 09 अंक: 07 रविवार 17 मार्च से 23 मार्च 2024 पृष्ठ -08 मूल्य : 3 रूपये

## मैं तमिलनाडू की धरती पर बहुत बड़े परिवर्तन की आहट देख रहा हूं : पीएम मोदी



**- देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कभी भी हो सकता है. ऐसे में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस समेत सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी चुनावी तैयारियों में जुट गए हैं. कांग्रेस की तरह से जहां राहुल गांधी देशभर में भारत जोड़ों न्याय यात्रा निकाल रहे हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने बीजेपी के प्रचार की कमान संभाल रखी है.।**

एजेंसी

कन्याकुमारी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी शुक्रवार को तमिलनाडु पहुंचे हुए हैं. यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कन्याकुमारी में आयोजित एक सार्वजनिक सभा स्वागत किया गया. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज कन्याकुमारी से देश के इस दक्षिणी छोर से जो लहर उठी है ये लहर बहुत दूर तक जाने वाली है. ..मैं 1991 में एकता यात्रा लेकर कन्याकुमारी से कश्मीर गया था, इसबार मैं कश्मीर से कन्याकुमारी आया हूं. जम्मू-कश्मीर के लोगों ने देश को तोडने का सपना देखने वालों को नकार दिया है. अब तमिलनाडू के लोग भी ऐसा ही करने जा रहे हैं. मैं तमिलनाडू की धरती पर बहुत बड़े परिवर्तन की आहट देख रहा हूं. तमिलनाडू में भाजपा का प्रदर्शन इस बार डीएमके और कांग्रेस के इंडिया गठबंधन का सारा घमंड तोड़ कर रख देगा.पीएम मोदी ने कहा कि हमने ऑप्टिकल फाइबर और 5जी दिया, हमारे नाम पर डिजिटल इंडिया स्कीम है. इंडी अलायंस के नाम पर लाखों करोड़ रुपए का 2जी का स्कैम है, और डीएमके उस लूट की सबसे बड़ी हिस्सेदार थी. हमारे नाम पर उड़ान स्कीम है, इंडी अलायंस के नाम हेली कॉप्टर स्कैम है. हमारी खेलो इंडिया और टॉप्स स्कीम्स से देश ने खेलों में ऊंचा मुकाम हासिल किया, लेकिन उनके नाम पर राष्ट्रमंडल खेलों स्कैम का दाग है. इंडी अलायंस कभी भी तमिलनाडु को विकसित नहीं बना सकता. इन लोगों का इतिहास घोटालो का है. इन लोगों की राजनीति का आधार लोगों को लूटने के लिए सत्ता में आना है.प्रधानमंत्री ने कहा कि एक तरफ भाजपा की कल्याणकारी योजनाएं होती हैं, तो दूसरी ओर इनके करोड़ों के घोटाले होते हैं. डीएमके तमिलनाडु के भविष्य की ही दुश्मन नहीं है, डीएमके तमिलनाडु के अतीत की, उसकी विरासत की भी दुश्मन है. मैं अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले यहां आया था, मैंने यहां के प्राचीन तीर्थों के दर्शन किए थे. लेकिन डीएमके ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखने तक पर रोक लगाने का प्रयास किया था. सुप्रीम कोर्ट को तमिलनाडु सरकार को कड़ी फटकार लगानी पड़ी थी.।

## नागरिकता कानून पर रोक लगाने की याचिकाओं पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली ।सुप्रीम कोर्ट नागरिकता संशोधन नियम 2024 (सीएए) पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है. सुनवाई 19 मार्च को होनी है. सीएए पर संविधान पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल ने कहा कि तब अदालत ने इसलिए नहीं सुना था क्योंकि सरकार ने कहा कि अभी लागू नहीं हो रहा है. ऐसे में अब जब अधिसूचना जारी हो गई है तो शीघ्र सुनवाई शुरू की जाए. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि चुनाव से पहले अधिसूचना पर विवाद का मतलब नहीं. ये संवैधानिक मामला है.सीजेआई ने कहा, श्हम मंगलवार को इस पर सुनवाई करेंगे. 190 से अधिक मामले हैं. उन सभी पर सुनवाई की जाएगी. हम अंतरिम याचिकाओं के पूरे बैच की सुनवाई करेंगे.च केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 237 याचिकाएं हैं और उन लंबित याचिकाओं में से चार अंतरिम याचिकाएं नियमों के क्रियान्वयन के खिलाफ दायर की गयी हैं.बता दें कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने सोमवार को देशभर में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू कर दिया है। इसके अंतर्गत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए गैर- मुस्लिमों को भारत की नागरिकता प्रदान की जाएगी.सीएए के तहत इन देशों से आए हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी समुदाय के लोगों को भारत की नागरिकता दिए जाने का प्रावधान शामिल है. संसद के दोनों सदनों से सीएए 11 दिसंबर, 2019 में पारित किया गया था. इसके एक दिन बाद राष्ट्रपति की ओर से इसे मंजूरी दे दी गई थी. यह कानून उन लोगों पर लागू होगा, जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए थे.।

## चुनावी बॉन्ड नंबर का खुलासा भी करे एसबीआई, सुप्रीम कोर्ट का आदेश

एजेंसी

नईदिल्ली । चुनावी बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) को बॉन्ड नंबरों का खुलासा करने का आदेश दिया है. एसबीआई से कहा गया है कि वे बॉन्ड के यूनिक नंबर भी सार्वजनिक करे. अदालत ने नोटिस जारी कर पूछा है कि बॉन्ड नंबरों का खुलासा क्यों नहीं किया. बैंक ने अल्फा न्यूमिरिक नंबर क्यों नहीं बताया. अदालत ने एसबी आई को बॉन्ड नंबर का खुलासा करने का आदेश दिया है।




सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि बॉन्ड नंबरों से पता चल सकेगा कि किस डोनर ने किस पार्टी को चंदा दिया. अब मामले में अगली सुनवाई सोमवार को यानी कि 18 मार्च को होगी.बता दें कि अभी एसबीआई ने केवल बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों की जानकारी और भुनाने वाली पार्टियों के नाम जारी किए हैं. इससे पता नहीं चल रहा है कि किसी कंपनी द्वारा खरीदे गए बॉन्ड को किस राजनीतिक पार्टी ने भुनाया है.सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को स्पष्ट रूप से कहा कि भारतीय स्टेट बैंक को बॉन्ड की खरीद और मोचन के संबंध में पहले ही बताए गए विवरणों के अलावा, चुनावी बांड संख्या का भी खुलासा करना होगा. अदालत का आदेश है कि सील कवर में रखा गया डेटा चुनाव आयोग को दिया जाए, क्योंकि उनको इसे अपलोड करना है. कोर्ट ने कहा कि ईसी में अपलोड करने के लिए डेटा जरूरी है.चुनाव आयोग की ओर से अपनी वेबसाइट पर जो डाटा शेयर किया गया है, उसमें 12 अप्रैल 2019 के बाद से 1,000 रुपये से 1 करोड़ रुपये कीमत के चुनावी बॉन्ड (ये बॉन्ड अब समाप्त हो चुके हैं) की खरीद संबंधी जानकारी दी गई है. इसमें उन कंपनियों और व्यक्तियों का ब्योरा दिया गया है, जिन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे थे. साथ ही उन पार्टियों का भी विवरण है, जिन्हें ये चुनावी चंदा दिया गया था.।

## चुनाव से पहले मोदी सरकार की बड़ी सौगात, देशभर में सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल

एजेंसी

नईदिल्ली । लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने बड़ा ऐलान किया है. सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में कटौती का ऐलान किया है. पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 2-2 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है. नई कीमतें 15 मार्च 2024 सुबह 6 बजे से प्रभावी होंगी.केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ट्वीट कर कहा, पेट्रोल और डीजल के दाम में 2 रुपये की कमी करके देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि करोड़ों भारतीयों के अपने परिवार का हित और सुविधा सदैव उनका लक्ष्य है.उन्होंने महाकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता की पंक्तियां भी शेयर कीं. उन्होंने कहा, जब विश्व मुश्किल दौर से गुजर रहा था कि विकसित और विकासशील देशों में पेट्रोल के दामों में 50-72 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हुई और हमारे आसपास के कई देशों में तो पेट्रोल मिलना ही बंद हो गया तब भी 1973 के बाद आए पचास साल के सबसे बड़े तेल संकट के बावजूद पीएम मोदी के दूरदर्शी और सहज नेतृत्व के कारण मोदी के परिवार पर आंच नहीं आई. भारत में पेट्रोल के दाम बढने के बजाय पिछले ढ़ाई सालों में 4.65 प्रतिशत कम हुए!हरदीप पुरी ने आगे लिखा, भारत में ईंधन की सप्लाई निरंतर बनी रही, सस्ते दामों पर बनी रही और हमारे कदम निरंतर हरित ऊर्जा की ओर से बढ़ते रहे।

## ममता बनर्जी की चोट के पीछे धक्का थ्योरी की जांच करेगी एसआईटी

एजेंसी

कोलकाता । मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माथे पर लगी चोटी की जांच अब बंगाल पुलिस की एसआईटी टीम करेगी. मुख्यमंत्री अपने आवास पर गिर गई थी, जिसकी वजह से उनके माथे पर चोट आ गई. एस.एस.के.एम. मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के निदेशक मणिमोय बंदोपाध्याय ने कहा कि गुरुवार रात को उनके आवास पर किसी ने मुख्यमंत्री को धक्का दे दिया, जिसकी वजह से उनके माथे पर चोट आ गई.पत्रकारों से बात करते हुए एस.एस.के.एम. निदेशक ने कहा कि चोट शायद उनके घर पर पीछे से धक्का देने के कारण लगी होगी. विनीत कुमार गोयल ने कहा, शहर पुलिस के सूत्रों ने बताया कि एसआईटी में विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल होंगे जो मामले की जांच करेंगे. एसआईटी द्वारा जांच प्रक्रिया की निगरानी की जाएगी.वहीं, पता चला है कि एसआईटी दक्षिण कोलकाता के कालीघाट में मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच करेगी. एसआईटी के सदस्य मुख्यमंत्री आवास पर तैनात सुरक्षाकर्मियों से भी पूछताछ करेंगे. शहर पुलिस के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि इस मामले को पुलिस अत्यधिक गंभीरता से देख रही है. इसमें वी.वी.आई.पी. के सुरक्षा पहलू शामिल हैं. धक्का देने की थ्योरी की जांच के अलावा मुख्यमंत्री




आवास पर मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की जाएगी.मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ने इस संदर्भ में बयान जारी कर कहा, गुरुवार शाम को अपने आवास परिसर में टहलने के दौरान फिसलने से मुख्यमंत्री के माथे पर चोट लग गई. उन्हें तुरंत पास के एस.एस.के.एम. मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया. ।

# सम्पादकीय

## छोटे देशों को शिकार बनाता चीन, नई विश्व व्यवस्था बनाने का है मंसूबा

धीरज कुमार गुप्ता

चीन नई विश्व व्यवस्था बनाने का मंसूबा पाले हुए है। इसलिए वह आर्थिक रूप से कमजोर देशों को अपने जाल में फंसाने के लिए कर्ज देता है।मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू लगातार ऐसे फैसले ले रहे हैं, जो चीन के साथ उनकी निकटता को ही दर्शाते हैं। छोटे पड़ोसी देशों के साथ चीन की निकटता भारत के लिए चिंताएं बढ़ाने वाली हैं। लेकिन सवाल यह है कि आखिर क्यों चीन विश्व के ऐसे देशों की तरफ अपने पैर पसार रहा है, जो आर्थिक और सामरिक रूप से कमजोर हैं? दरअसल, चीन पूरी तरह से नई विश्व व्यवस्था बनाने का मंसूबा पाले हुए है। शी जिनपिंग की चीनी कम्युनिस्ट पार्टी शासन को 2049 तक प्रमुख विश्व शक्ति बनाने की महत्वाकांक्षा है, जब वह अपने सौ वर्ष पूरे करेगी।इसके अतिरिक्त संयुक्त राष्ट्र में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए चीन बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत आर्थिक एवं सामरिक रूप से कमजोर देशों को कर्ज देने की नीति का हथियार के रूप में प्रयोग कर रहा है। दूसरी ओर, चीन की आर्थिक मदद से अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का मंसूबा पाले देश उसके कर्ज के जाल में फंसकर चीन का कर्ज चुकाने में दिक्कतों का सामना कर रहे हैं।चीनी सहायता प्राप्त देशों, जैसे–श्रीलंका, जांबिया, इथियोपिया, पाकिस्तान, वेनेजुएला, नेपाल, केन्या, कंबोडिया, लाओस, अफगानिस्तान और म्यांमार जैसे कई देश हैं, जो गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। अब श्रीलंका को ही ले लें, जिसने गृहयुद्ध के उपरांत आर्थिक सुधारों के लिए चीन का रुख किया, लेकिन आज उसके कर्ज–जाल में फंस गया है। श्रीलंका ने पहले 2014 और पुनः 2017 में अपने कर्ज के पुनः प्रबंधन हेतु चीन से निवेदन किया था, लेकिन उसके दोनों अनुरोध खारिज कर दिए गए थे। अंततः जब तक श्रीलंका ने आईएमएफ से सहायता मांगने का निर्णय लिया, तब तक उसकी अर्थव्यवस्था 1948 में देश की आजादी के बाद से सबसे खराब मंदी की ओर बढ़ गई, जिससे विद्रोह भड़क गया और नतीजतन हजारों लोगों ने राष्ट्रपति को उनके घर से खदेड़ दिया था।जांबिया की भी यही स्थिति है, जिसके कुल विदेशी कर्ज का तीस फीसदी हिस्सा चीन द्वारा निर्गत किया गया है और माना जाता है कि उस पर चीनी फाइनेंसरों का लगभग छह अरब डॉलर बकाया है। इस प्रकार 2020 में, चीन के कर्ज जाल में फंसते हुए जांबिया यूरो बॉन्ड्स पर डिफॉल्ट करने वाला पहला अफ्रीकी देश बन गया।चीन के कर्ज जाल में फंसे पाकिस्तान की हालत पहले से ही काफी खराब चल रही है, हालांकि उसे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से तीन अरब डॉलर की सहायता मिली है, जिस पर उसकी अर्थव्यवस्था टिकी हुई है। नेपाल और चीन ने 2017 में बीआरआई हेतु हस्ताक्षर किए थे, लेकिन लगभग सात साल बाद एक परियोजना तक क्रियान्वित नहीं हो पाई है और इसका सबसे बड़ा कारण रहा नेपाल का पोखरा हवाई अड्डा, जो चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं था, फिर भी चीन ने इसके लिए फंड देते हुए इसे बीआरआई के अंतर्गत बताने की कोशिश की।इसी प्रकार, वेनेजुएला भी आर्थिक संकट में फंसा हुआ है, जहां सरकार पर कथित तौर पर चीन का भारी कर्ज बकाया है। तेल से समृद्ध, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर इस देश ने 2005 से चीनी कर्ज ले रखा है। चीन के साथ दिक्कत यह है कि वह जो कर्ज देता है, उसके पीछे की शर्तों को कभी सार्वजनिक नहीं करता, जैसा आईएमएफ, विश्व बैंक या पेरिस समूह करते हैं। इस वजह से चीनी कर्ज की पारदर्शिता हमेशा संदेह के दायरे में रही है।

# जंगल की शेरनी का सफर : कश्मीर की वादियों से घने जंगलो तक

अनु अर्शिता

लतिका आशा की किरण बनकर खड़ी है और जंगलों में रहने वाले जीवों की रक्षा के लिए अथक प्रयास कर रही है।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस उपलक्ष्य में, लतिका नाथ के साथ हुए साक्षात्कार (इंटरव्यू) की एक झलक को प्रस्तुत किया है जिसकी यात्रा शक्ति, जुनून और वन्यजीव संरक्षण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में सामने आती है। भारत की बाघ राजकुमारी (दी टाइगर प्रिंसेस) के रूप में जानी जाने वाली लतिका की कहानी सिर्फ शाही विरासत के बारे में नहीं है, बल्कि उन महिलाओं की शक्ति का प्रमाण है जो बाधाओं को तोड़ती हैं और साहस और दृढ़ विश्वास के साथ अपनी नियति को आकार देती हैं।लेंस के माध्यम से रूढ़िवादिता को तोड़नाएक फोटोग्राफर के रूप में, लतिका ने जंगल के बीचों–बीच जाकर, उसकी सुंदरता और चुनौतियों का दस्तावेजीकरण करके रूढ़ियों को तोड़ा। अपने लेंस के माध्यम से, उन्होंने न केवल वन्यजीवों की असुरक्षा को बल्कि महिला भावना की ताकत और लचीलेपन को भी प्रदर्शित किया।लतिका मानती हैं की जब भी आप किसी ऐसी जगह जाते हैं जहां पर प्रकृति अपने आप में संपूर्ण होती है तब ऐसा लगता है की आप भगवान के बनाये एक मंदिर में हो।

ओर जैसे लोग खुद को फोकस्सड रखने के लिए मैडिटेशन करते हैं और जैसा उस समय वो लोग महसूस करते है, मुझे वैसा ही महसूस होता है जब में प्रकृति क नजदीक होती हूं फिर चाहे वो हिमालय की छोटी हो या फिर घाना जंगल, या एक शेर के साथ बैठना या फिर किसी कछुए को समुद्र से आते देखना या फिर एक चिड़िया को अपना घोसला बनाते हुए देखना ये नजारा सच में मंत्र मुग्ध कर देने वाला होता है। कैमरा के लेंस से जब हम एक चीज पर फोकस करते हैं तब हम सारी दुनिया भूल जाते है और यही उनके लिए मैडिटेशन है।चौंपियन संरक्षणलतिका की यात्रा में एक गहरा मोड़ आया क्योंकि वह वन्यजीव संरक्षण के लिए एक सशक्त शक्ति के रूप में विकसित हुई। मुख्य रूप से पुरुषों के कब्जे वाले क्षेत्र में, उन्होंने निडर होकर भारत की लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा के लिए अपने प्रयासों को समर्पित करते हुए, इस मुद्दे का समर्थन किया। लतिका ने साझा किया की बहुत से पुरुष कंजर्वेशनिस्ट्स ने भी उन्हें अपना निशाना बनाया और जिसकी वजह से लतिका को शोध तक छोड़नी पड़ी।

परिवार और दोस्तों से सहायता मिलने के बावजूद यह यात्रा फूलों से भरी तो बिलकुल भी नहीं थी।आज से करीब 30 दशक पहले जब मुट्ठी भर औरतें विज्ञान जैसे सब्जेक्ट में अपना भविष्य बनाने के बारे में सोचती थी और उसमे भी अगर कोई महिला वन्य जीवन (वाइल्डलाइफ) जैसी फील्ड में जाना चाहती हो जो की बेहद जोखिम भरी होने के साथ साथ पुरुष प्रमुख थी उसमे आगे बढ़ना चाहती है तो यकीन मानिए समाज में कुछ पुरुष प्रधान सोच रखने वाले लोगो की कमी नहीं रही होगी जिन्होंने हर कदम पर मुश्किलें खड़ी की और हर कदम पर ये जताने की कोशिश की होगी की एक औरत कैसे काम करेगी इस फील्ड में और ये सिलसिला शुरुआत के कुछ सालो तक नहीं बल्कि बहुत लम्बे समय तक चलता रहे। लेकिन वह मानती हैं की जब आप खुद पर भरोसा करते है की आपको इसी राह में आगे बढ़ना है तो कोई मुश्किल आपका रास्ता नहीं रोक सकती।भारत और पर्यावरण संरक्षणहम अपने आप में सौभाग्यशाली है की हमारी इतनी आबादी होने के बावजूद हम इस पृथ्वी के सबसे ज्यादा जैव विविधता से भरपूर की में हैं और हमारे अंदर एक अंदरूनी भावना है की हम पृथ्वी और प्रकृति का इतना आदर करते है। भारत सही दिशा में कदम बढ़ा रहा है लेकिन अपनी बहुत काम करना बाकी है और समय की मांग यही है की सिटीजन साइंस, प्राइवेट सेक्टर, और गवर्नमेंट एक जुट होकर प्रकृति को बचाए।लतिका बताती हैं की अगर हम प्लेनेट अर्थ के इतिहास को खंगाले तो हम देखेंगे की परिवर्तन हमेशा से हुए है और प्रकृति अपने तरीके से इंसान को दिखा रही है की यूं तो इंसान खुद को बहुत शक्तिशाली तो समझता है लेकिन वो भी मात्र एक भाग है प्रकृति का क्योंकि अगर पृथ्वी पर जीवन ही खत्म हो जयेगा तो इंसान का वजूद भी खत्म हो जएगा। इसीलिए हमें अपने तरीके बदलने होंगे और हम सभी को मिलकर इसे सफल बनाना होगा।सहानुभूति और जुड़ावलतिका की कहानी भावनात्मक स्तर पर गूंजती है, न केवल एक संरक्षणवादी के रूप में बल्कि एक महिला के रूप में जो पुरुष–प्रधान क्षेत्र में आगे बढ़ रही है।

लतिका में, हम एक ऐसी महिला को पाते हैं जो मनुष्यों और वन्यजीवों के बीच की दीवारों को तोड़ती है, करुणा और समझ पर बने संबंध बनाती है।इनका जीवन बिलकुल भी आसान भी थी इन्होने भी बहुत से उतार चढाव देखे है अपनी इस यात्रा में बहुत सी कठिनाइयों का सामना किया पर कभी हार नहीं मानी उनका डट कर सामना किया बहुत सी लड़ाइयां लड़ने के बाद आज यहाँ तक का सफर तय कर पाई हैं। षलती से सीखो, उठो और आगे बढ़ो उस गलती में दलदल की तरह फस्स के मत रह जाओ आगे बढ़ना जरुरी है।जब हम डर के सामने निडर होकर कदम बढ़ाते है तब वही असली बहादुरी कहलाती है‑ लतिका नाथ। वैश्विक आह्वानइस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, लतिका नाथ महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण प्रबंधन के प्रतिच्छेदन के लिए एक वैश्विक राजदूत के रूप में खड़ी हैं। उनकी यात्रा हमें संरक्षण में महिलाओं के अमूल्य योगदान को पहचानने के लिए प्रेरित करती है, और दुनिया भर के लोगों को उस ग्रह की रक्षा में हाथ मिलाने के लिए आमंत्रित करती है जिसे हम सभी अपना घर कहते हैं।

उनकी कहानी हर जगह महिलाओं के लिए प्रेरणा का काम करती है, उन्हें सामाजिक बाधाओं से मुक्त होने और निडर होकर अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती है।जैसा कि हम दुनिया भर में महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करते हैं,

आइए लतिका की कहानी को एक ऐसे भविष्य के लिए एक प्रेरणादायक आह्वान में बदलें, जहां महिलाएं हमारी प्राकृतिक दुनिया के आश्चर्यों को संरक्षित करने में नेतृत्व करती रहें।

# जलवायु परिवर्तन : साफ दिख रहा है असर, चरम मौसमी घटनाओं की आवृत्ति में वृद्धि

अनिल प्रकाश जोशी

जलवायु परिवर्तन के कारण चरम मौसमी घटनाओं की आवृत्ति में वृद्धि हुई है। इसके अलावा, हिमालय के ऊपरी इलाकों में जिस तरह से एरोसोल का घनत्व बढ़ता जा रहा है, उसका सीधा असर हिमखंडों पर पड़ेगा। अतः ऐसी रणनीति बनाने की जरूरत है कि आपदा की स्थितियों में कम से कम नुकसान हो।अब दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन भीषण असर दिखने लगा है। यह वैश्विक स्तर पर बड़ी चर्चा का विषय है, क्योंकि पूरी दुनिया में अब सब कुछ बदल रहा है और आशंका है कि आने वाले समय में यह कई तरह के संकटों को जन्म देगा। अब यह महज वैश्विक मुद्दा नहीं रहा, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी इसके बड़े असर दिखाई दे रहे हैं। उदाहरण के लिए, अगर अपने देश में ही देख लें, तो 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, देश के सभी हिस्सों में किसी न किसी रूप में चरम मौसमी घटनाएं हुई हैं और लगभग हर राज्य इनकी चपेट में आया है। भारी बारिश, बादल फटना, आकाशीय बिजली गिरना, सूखा और शीत लहर जैसी चरम मौसमी घटनाओं की आवृत्ति में वृद्धि हुई है।यही नहीं, अपने देश में करीब 3,287 नागरिकों की मौतें असामान्य मौसम के कारण हुईं। इसके अलावा, 1,24,000 जानवरों को भी किसी न किसी मौसमी घटना का शिकार होना पड़ा। देश में करीब 20 लाख हेक्टेयर भूमि सूखे या अतिवृष्टि के कारण बाढ़ की चपेट में आई। पिछले वर्ष हिमालयी राज्य उत्तराखंड में मौसम की घटनाओं के कारण हालात काफी बिगड़ गए। उत्तराखंड में करीब 150 दिन ऐसे निकले, जब किसी न किसी बुरी स्थिति का न सामना करना पड़ा हो। ऐसे ही मध्य प्रदेश में 141 दिन और उत्तर प्रदेश एवं केरल में 119 दिन खराब थे।मौसम की इस असामान्यता का सबसे बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन है। पूरे देश में जून और सितंबर के बीच करीब 123 दिन ऐसे रहे, जिन्हें असामान्य कहा जा सकता है। पर हम अब भी इन आंकड़ों से यह नहीं सीख पाए हैं कि हमारे चारों तरफ की परिस्थितियां बिगड़ चुकी हैं और आने वाले समय में हमें और भी घातक दुष्परिणामों का सामना करना होगा। पूरे देश में करीब आठ राज्य ऐसे रहे, जहां 100 से ज्यादा असामान्य घटनाएं हुईं और 208 दिनों में भारी बारिश, बाढ़, भूस्खलन की घटनाएं सामने आईं। इतना ही नहीं, बिजली और तूफान की घटनाएं 202 दिन और 50 दिन शीत लहर, 29 दिन बादल फटने, नौ दिन बर्फबारी और पांच दिन चक्रवात की घटनाएं देखने को मिलीं। इन घटनाओं से यह साफ हो गया है कि जलवायु परिवर्तन का घातक असर अब स्पष्ट दिखने लगा है।वर्ष 2024 में जनवरी से ही मौसम में वह सामान्यता नहीं दिख रही है, जो अक्सर होती थी। वैज्ञानिकों का मानना है कि लगातार नौ महीनों से तापक्रम वह नहीं रहा, जो पिछले दशकों में था। मतलब औसतन तापक्रम में वृद्धि देखी गई। वर्ष 2023 में जुलाई को सबसे गर्म महीना बताया गया था, लेकिन आशंका है कि इस वर्ष भी दुनिया को गर्मी के बड़े संकटों का सामना करना पड़ेगा। वैसे वैज्ञानिकों का मानना है कि अल नीनो जून–जुलाई तक शांत हो जाएगा। लेकिन उसके तत्काल बाद अल नीना दूसरी तरह की मौसमी विषमताओं को खड़ा करेगा, जिसमें शीतकालीन स्थितियां और भी गंभीर होंगी। और यह सब सिर्फ अपने ही देश में नहीं, बल्कि सारी दुनिया में होगा।जलवायु परिवर्तन के चलते पूरी दुनिया में इस बार वसंत समय से पहले ही आ गया। समय से पहले ही गर्मी ने दस्तक दे दी। जापान और मैक्सिको में समय से पहले ही फूल खिल गए। यूरोप में बर्फ तेजी से पिघलने लगी। टेक्सास, जहां अत्यधिक गर्मी पड़ती है, वहां अभी से ही तापमान काफी बढ़ गया है। ये आंकड़े बड़े डरावने हैं, अगर हम इन्हें गंभीरता से नहीं लेंगे, तो आने वाले समय में शायद हवा–मिट्टी–पानी की कमी तो झेलेंगे ही, हमारी सेहत पर भी इसका बुरा असर पड़ेगा।अमेरिका के नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन ने पर्यावरण के शुरुआती रुझानों के बारे में बताया कि आंकड़ों के लक्षण ठीक नहीं दिखाई देते। जल्दी ही यह संस्थान एक रिपोर्ट पेश करेगा, जिसमें दुनिया के पर्यावरणीय हालात के बारे में बताया जाएगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि 2024 के मध्य तक अल नीनो खत्म होने से थोड़ी राहत मिलेगी। पर पुराने अनुभव बताते हैं कि जब सब कुछ भटक जाता है, तो सटीक स्थिति का पता नहीं चलता। अपने देश में पश्चिमी विक्षोभ ही आगे सरक गया। जो वर्षा दिसंबर में होनी थी, वह मार्च में हो रही है।अब तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर माना जाने लगा कि 2024 सबसे गर्म होगा, और यह अब तक के पांच सबसे गर्म वर्षों में शामिल हो जाएगा। इस बात की 99 फीसदी आशंका है कि हम आने वाले समय में बहुत ज्यादा गर्मी झेलेंगे। हमने पिछले दो–तीन दशकों से इसी तरह का रुझान देखा है और इसमें कोई सुधार नहीं दिखा। हमने ऐसा कुछ नहीं किया, जो आने वाले समय में हमें इससे राहत दे सके।

# ओवरलोड खनिज ढो रही ट्रॉली से जान की आफत

संवाददाता

फतेहपुर। जिले में ट्रॉलियों पर खुलेआम खनिज और व्यावसायिक



सामग्री लादी जा रही है। शासन के आदेश के बावजूद परिवहन विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिले के एआरटीओ में एक को छोड़कर सभी ट्राली गैर पंजीकृत हैं। अधिकतर ट्रॉलियों का उपयोग कृषि कार्य में न होकर माल ढोने में किया जा रहा है।परिवहन विभाग में करीब 3000 ट्रैक्टर पंजीकृत हैं। व्यावसायिक कार्य के लिए पंजीकृत ट्रॉलियों की संख्या एक है। सात मार्च को परिवहन विभाग ने आदेश दिया था कि कृषि कार्य वाले ट्रैक्टर–ट्रॉलियों का मुख्य मार्गों पर संचालन न हो। कृषि कार्य वाले ट्रैक्टर–ट्राली में खनिज, श्रद्धालु, श्रमिक और सवारियों को न ढोया जाए और उनका व्यवसायिक कार्यों में उपयोग भी न किया जाए। आदेश का पालन न करने पर विभाग ने सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया था और ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की बात कही। ट्रैक्टर स्वामी खुलेआम आदेश और नियमों को दरकिनार कर मुख्य मार्गों पर फर्राटा भर रहे हैं। अधिकांश ट्रॉलियों से नंबर प्लेट, रिफलेक्टिव टेप और बैक लाइट गायब हैं। खनिज लेकर ओवरलोड दौड़ रही ट्रॉलियां हादसे का कारण बन रही हैं। खास बात है कि यह ट्रॉलियां बिना पंजीकरण के व्यावसायिक कार्यों में लगी हैं। वहीं विभागीय अधिकारियों ने भी सिर्फ आदेश जारी कर खानापूर्ति कर दीराजस्व को लगा रहे बट्टापरिवहन विभाग में कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर और ट्रॉली का पंजीकरण कराने में सिर्फ 100 रुपये का शुल्क लगता है। वहीं, व्यावसायिक कार्य के लिए दर्ज कराने पर अधिक शुल्क देना होता है। ऐसे में विभाग को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है।रोजाना वाहनों की जांच कर नियमों का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही अनाधिकृत रूप से दौड़ रही ट्रैक्टर–ट्रॉली के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।– लक्ष्मीकांत, एआरटीओ प्रवर्तनओवरलोड ट्रॉली की टक्कर से जिले में हुए हादसे– 11 मार्च 2024 को ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ में अनियंत्रित ट्रैक्टर–ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक गांव दसौली निवासी तौसीफ खान की कुचलकर मौत हो गई। गैर पंजीकरण ट्रॉली में ओवरलोड भट्टे की ईंट लदी थी। 2 – छह फरवरी 2024 को जाफरगंज थाना क्षेत्र में जोनिहां–अमौली मार्ग पर अनियंत्रित ओवरलोड ट्रैक्टर ने सामने से आ रहे ई–रिक्शा में टक्कर मार दी। रिक्शा ट्रैक्टर में फंस कर करीब 20 मीटर तक घिसटता रहा। सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। – अक्तूबर 2023 में किशनपुर थाना क्षेत्र के रारी मोड़ के पास ओवरलोड मौरंग लदी ट्रैक्टर–ट्रॉली पलटने से खादान के मुनीम की मौत हो गई थी। पुलिस ने जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर को खड़ा करवा कर मृतक को बाहर निकाला था। – एक जनवरी 2021 को ललौली थाना क्षेत्र में लदिगवां के पास ओवरलोड ईंट लदी ट्रैक्टर–ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार खटौली निवासी कुलदीप सिंह और पकंज यादव की मौत हो गई थी।रोजाना वाहनों की जांच कर नियमों का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही अनाधिकृत रूप से दौड़ रही ट्रैक्टर–ट्रॉली के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

## भ्रष्टाचार में आबकारी अधिकारी निलंबित, दर्ज होगा मुकदमा

संवाददाता

फतेहपुर। भ्रष्टाचार के आरोपी जिला आबकारी अधिकारी सुरेश कुशवाहा को शासन के निर्देश पर डीएम ने बुधवार को निलंबित कर दिया। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज कराने का आदेश भी दिया है। आबकारी अधिकारी पर रिश्वत लेने का आरोप लगा था।आबकारी अधिकारी की जुलाई 2021 में तैनाती हुई थी। वह मूलरूप से कुशीनगर के रहने वाले हैं। गोरखपुर में परिवार के साथ रहते हैं। शिकायतकर्ता शिवलोचन ने डीएम से छह मार्च को रिश्वतखोरी की शिकायत की थी। वीडियो भी साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए थे। डीएम सी. इंदुमति ने बताया कि प्रथम दृष्टतया आबकारी अधिकारी सुरेश कुशवाहा को दोषी पाया गया है।

शासन के आदेश पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# आखिरी दम तक शीशा तोड़ने की जद्दोजहद

## –चालक और खलासी जिंदा जले हुलिया और सीट से हुई पहचान

संवाददाता

फतेहपुर । फतेहपुर जिले में आग का गोला बने डंपर में फंसे चालक और खलासी को ग्रामीणों ने तड़पकर मरते देखा। लाख कोशिश के बाद भी उन्हें बचाने में असफल रहे। केबिन में फंसे होने की वजह से दोनों छटपटा रहे थे। शीशों में ठोकर मारकर आखिरी दम तक मदद की गुहार लगाते रहे। उन्हें देखकर ग्रामीणों की आंखे नम हो गई।खटौली गांव के प्रत्यक्षदर्शी बाबू खान, रामस्वरूप पासवान, समरजीत, राजू, शिवगोपाल, उमाशंकर, अंकित और मन्नू पासवान भिड़ंत की आवाज पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे लोग कुछ समझते कि तभी गिट्टी लदे डंपर में आग विकराल हो गई। आग इतनी भीषण थी कि आसपास रहने वाले घर छोड़कर भागने लगे।डंपर की केबिन धू–धूकर जल रही थी। फंसे चालक और खलासी जान बचाने के लिए केबिन के अंदर से चिल्ला रहे थे। आसपास के पांच नलकूप चालू कराकर



ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने बताया कि पहली बार आंखो के सामने किसी को तड़पकर मरते हुए देखा। परिजनों ने चालक की पहचान तंदुरुस्त शरीर और खलासी की पहचान दुबले बदन से की।हाथ–पैर मांस के लोथड़े में तब्दीलपुलिस ने सीट से चालक सीट और खलासी की पहचान स्पष्ट होने का दावा किया। उन दोनों के हाथ–पैर मांस के लोथड़े में तब्दील हो गए थे। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे इबरार के भाई नियाज व शान ने बताया कि दो साल पहले भाई की शादी हुई थी। खलासी दिलीप के भाई विनोद ने बताया कि दिलीप के अलावा दो भाई विनोद, सतीश हैं। तीसरे नंबर का दिलीप है। वह अविवाहित था। भाई की मौत से मां राजकुमारी का हाल बेहाल है।जिंदपुर टोल तक छह किलोमीटर लंबा जाम लगाहादसे के बाद एक तरफ घटनास्थल खटौली से बहुआ और दूसरी ओर जिंदपुर टोल प्लाजा तक दोनों ओर करीब छह–छह किलोमीटर तक जाम लगा रहा। सूचना पर पुलिस ने बहुआ कस्बे से रुट डायवर्जन कर राधानगर से वाहनों को गाजीपुर से निकाला गया। दूसरी ओर बहुआ से बिंदकी मार्ग पर वाहनों को निकाला गया।

हाईवे किनारे घरों के छप्पर और गृहस्थी जलीडंपरों के टायर आग लगने के बाद प्रेशर से फट गए।

टायरों के जलते टुकड़े रोड किनारे बाबू खान और रामस्वरूप के छप्पर पर गिरने से उनमें आग लग गई। बाबूखान का छप्पर जल गया। वहीं, रामस्वरूप पासवान के घर में लगी आग से चारपाई, बिस्तर, बर्तन, कपड़े व गृहस्थी जल गई। पड़ोसियों ने रामस्वरूप की पत्नी पुरखिन, बेटे मोनू, बहू मंजू, पौत्र शुभम को घर से बाहर निकाल जान बचाई।

## मुंह में कपड़ा ठूंसा, हाथ–पैर बांधकर फेंका, हत्या की कोशिश का मुकदमा

संवाददाता

किशनपुर। खेत पर बकरी घुसने पर बच्चे के मुंह में कपड़ा ठूंस, हाथ पैर बांधकर जंगल में फेंकने के मामले में खेत मालिक पर हत्या का प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बच्चे को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजकर ग्रामीणों के बयान दर्ज किए हैं।थाना क्षेत्र के एकडला निवासी राजेंद्र सोनकर का आठ वर्षीय पुत्र धर्मजीत सोनकर दोस्त दीपक के साथ मंगलवार दोपहर बकरियां चराने जंगल गया था। जंगल किनारे गांव के गया सोनकर के खेत में बकरियां पहुंच गईं। गया ने बकरियों पर कुल्हाड़ी से हमला किया। एक बकरी कुल्हाड़ी लगने से घायल हो गई। जंगल से दीपक घायल बकरी को घर लेकर चला गया। आरोप है कि गया सोनकर ने धर्मजीत के मुंह में पकड़ा ठूंस दिया। रस्सी से हाथ और पैर बांध दिए। परिजन खोजबीन करते जंगल पहुंचे। सरपत के बीच शाम को धर्मजीत बंधक हालत में मिला था। करीब दो घंटे बाद रात को पुलिस पहुंची। पुलिस के सामने बच्चे को बंधक हालत में बाहर निकाला गया। बच्चे के पिता राजेंद्र की तहरीर जान से मारने की नीयत से बंधक बनाकर फेंकने का पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मौके की प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह जांच की। ग्रामीणों के बयान दर्ज किए। एएसपी विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि बच्चे के पिता की तहररीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

विवेचना दौरान साक्ष्य मिलने पर कार्रवाई की जाएगी गैरइरादतन हत्या में गवाह है गया सोनकरकरीब एक साल पहले एक महिला की कुएं में गिरने से संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। पुलिस की जांच में सामने आया है कि गया सोनकर मुकदमे का गवाह है। उसने कुछ दिन पहले कोर्ट में गवाही दी है। पीड़ित बच्चे का पिता भी मुकदमे में आरोपी है। गवाह होने के नाते भी साजिश की चर्चा सामने आ रही है। घटना से गया सोनकर इन्कार कर रहा है।

## आयुर्वेदिक अस्पताल. ..भर्ती नहीं किए जाते मरीज

संवाददाता

फतेहपुर। कोविड के बाद से लोगों में आयुर्वेदिक चिकित्सा का महत्व बढ़ा है, लेकिन इलाज मुहैया कराने के लिए शहर का राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल बेमकसद साबित हो रहा है। हैरत की बात यह है कि अस्पताल में आज तक एक भी मरीज को भर्ती नहीं किया गया।हाल यह है कि नौ वर्षो से संचालित 25 बेडों के अस्पताल में सिर्फ पांच बेड हैं। वहीं, स्टाफ की कमी के चलते मरीजों को भर्ती नहीं किया जाता। ।रोजाना दोपहर बाद अस्पताल का संचालन बंद हो जाता है।शहर के पीरनपुर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में रोजाना करीब 50 मरीज पहुंचते हैं। एक साल में करीब 14 हजार मरीजों का इलाज किया जा चुका है। संसाधन और स्टाफ की कमी के चलते अस्पताल बदहाली के दौर से गुजर रहा है। अस्पताल में 25 बेड स्वीकृति हैं। गंभीर मरीजों को भर्ती करने का भी प्रावधान है, लेकिन 2015 से संचालित अस्पताल में अब तक एक भी मरीज भर्ती नहीं हुए।

## शराब व भांग दुकानों से दो से पांच हजार प्रतिमाह वसूली

संवाददाता

फतेहपुर। जिला आबकारी अधिकारी सुरेश कुमार के निलंबन के साथ ही भ्रष्टाचार की करतूतों की पोल खुलने लगी है। अनुज्ञापियों के मुताबिक आबकारी अधिकारी ने भ्रष्टाचार का खुला दाम खोल रखा था।



गलत हो या सही हर शराब व भांग की दुकान के अनुज्ञापी प्रतिमाह अधिकारी को चढ़ावा पहुंचाते थे। न देने पर उन पर कार्वाई का दबाव बनाया जाता था। उनकी कार्यशैली से विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी संतुष्ट नहीं थे।जिले में देशी, अंग्रेजी, बीयर की 275 के आसपास दुकानें हैं। भांग की करीब 30 से 35 दुकानें हैं। अनुज्ञापियों के मुताबिक हर शराब व बीयर की दुकान से दो हजार रुपये की रिश्वत आबकारी अधिकारी को प्रतिमाह देते आ रहे हैं। भांग दुकान अनुज्ञापियों के मुताबिक उन्हें हर माह पांच हजार रुपये आबकारी अधिकारी को देने पड़ते हैं। आबकारी अधिकारी के खिलाफ शिकायतों का दौर कई महीनों से चल रहा है। प्रयागराज आयुक्त से विभागीय कर्मचारियों ने शिकायत भी की थी।शिकायत के बाद आबकारी निरीक्षकों, बाबू, सिपाही, दीवान सभी के बयान प्रयागराज आयुक्त कार्यालय में दर्ज हुए थे। चर्चा है कि अधीनस्थों से भी अधिकारी ने शिकायत को रफादफा कराने के नाम पर मोटी रकम वसूल डाली। इससे अधीनस्थ असंतुष्ट चल रहे थे। विभागीय सूत्रों के अनुसार अधिकारी और एक बाबू के बीच काफी दिनों से तनातनी का माहौल है। वीडियो साक्ष्य की शिकायत के कुछ दिन पहले से बाबू ने कार्यालय आना बंद कर दिया है। अधिकारी पर कार्रवाई के बाद भी बाबू कार्यालय में नहीं आया है। पूरे कार्यालय में बाबू के भ्रष्टाचार की भी चर्चा है।

# केंद्र व राज्यों की सत्ता अपने हाथ में लेने को प्रयासरत रहे बहुजन समाज :मायावती

संवाददाता

लखनऊ। बसपा संस्थापक कांशी राम के 90वें जन्मदिन पर बसपा सुप्रीमो



मायावती ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग की।बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने पार्टी के संस्थापक कांशीराम के 90वें जन्मदिन पर शुक्रवार को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद अपने संदेश में कहा कि जातिवादी शक्तियों के साम, दाम, दंड, भेद आदि अनेकों षड़यंत्र से बचते–बचाते बहुजन समाज को केंद्र व राज्यों की सत्ता अपने हाथ मे लेने का चुनावी प्रयास जारी रखना है। तभी यहां सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति आंदोलन की सफलता संभव है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव को सफल बनाने के लिए जी–जान से जुटने की अपील करते हुए कहा कि सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करने के लिए तन, मन, धन की कुर्बानी देना जरूरी है। बहुजन समाज को जातिवादी व धन्नासेठ समर्थक विरोधी पार्टियों की साजिश, दावों और वादों से बचकर चुनाव में सक्रिय रहना जरूरी है, क्योंकि अब इनके भरोसे रहना आत्मघाती होगा।उन्होंने कहा क एससी, एसटी के बाद अब ओबीसी समाज के हित के बारे में भी सरकार द्वारा बातें बहुत होती हैं, लेकिन इनके आरक्षण के बैकलॉग को भी वर्षों से नहीं भरा जा रहा हैं। इससे नीति निर्धारण में बहुजन समाज के लोगों की भूमिका गौण है। इसको बदलने का चिंतन व चुनावी प्रयास दोनों बहुत जरूरी हैं।उन्होंने कहा कि कांशीराम के सम्मान में बसपा सरकार ने अनेकों स्मारक, स्थल, पार्क, विश्वविद्यालय, कालेज, अस्पताल के साथ नये जिले भी बनाए, जो उनके विरोधियों को कभी अच्छा नहीं लगा। उनकी सरकार बनते ही कई के नाम ही बदल डाले। कांशीराम नगर जिले का नाम बदला गया।लखनऊ में आईआईएम के पास स्थापित मान्यवर श्री कांशीराम जी उर्दू, अरबी, फारसी यूनिवर्सिटी का नाम पहले सपा सरकार ने बदला और फिर भाजपा सरकार ने उसे भाषा विश्वविद्यालय बना दिया।ऐसे जातिवादी, सांप्रदायिक व संकीर्ण सोच वाली पार्टियों व इनके नेताओं से बहुजन समाज का हित व कल्याण की आशा करना रेगिस्तान में पानी तलाशने से कम नहीं है। इसीलिए सावधानी बरतनी जरूरी है।अखिलेश बोले– वंचितों को अधिकार दिलाने के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष कियाजन्मदिन पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि दलितों, वंचितों एवं शोषितों को अधिकार दिलाने के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष करने वाले मान्यवर श्री कांशीराम जी की जयंती पर शत शत नमन एवं भावभीनी श्रद्धांजलि।स्वामी प्रसाद मौर्य ने की भारत रत्न देने की मांगइस मौके पर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के संस्थापक स्वामी प्रसाद मौर्य ने कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मान्यवर कांशीराम जी, जो इस देश के करोड़ों–करोड़ों दलितों, वंचितों, आदिवासियों, अल्प संख्यको, महिलाओं तथा पिछड़े वर्गों के मान–स्वाभिमान के प्रतीक रहे हैं, ऐसे मसीहा के जन्मदिन के अवसर पर केंद्र सरकार व महामहिम राष्ट्रपति जी से भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग करता हूं।

## 18 से 19 तक बूंदाबांदी के आसार, प्रयागराज रहा सर्वाधिक गर्म

संवाददाता

लखनऊ । मुजफ्फरनगर, मेरठ और बरेली को छोड़कर कर लगभग सभी जगह दिन का अधिकतम तापमान 30.2 से ऊपर ही दर्ज किया गया। चढ़ता पारा गर्मी की तेजी का संकेत दे रहा है।बृहस्पतिवार को यूपी में प्रयाग राज सबसे गर्म रहा। यहां पर दिन का अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मुजफ्फरनगर, मेरठ और बरेली को छोड़कर कर लगभग सभी जगह दिन का अधिकतम तापमान 30.2 से ऊपर ही दर्ज किया गया। लखनऊ में दिन का अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान मामूली अंतर के साथ 16.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, अगले पांच दिनों तक इसी तरह गर्मी जारी रह सकती है। मौसम विशेषज्ञ एचआर रंजन के मुताबिक, 18 मार्च से बादल छाने के आसार हैं ।

## महिला सिपाही ने छात्र को जूते से पीटा

संवाददाता

लखनऊ। अवध बस अड्डे के सामने सर्विस लेन पर बुधवार को विपरीत दिशा से आ रही एसएसबी की महिला सिपाही की स्कूटी छात्र की बाइक से टकरा गई। इससे गुस्साई सिपाही ने छात्र को थप्पड़ जड़ दिए। फिर जूते से भी पीटा। दोनों पक्षों ने विभूतिखंड थाने में तहरीर दी है। पुलिस तफ्तीश कर रही है। बृहस्पतिवार को मामले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।मूल रूप से जौनपुर निवासी छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। वह चिनहट में किराये पर रहते हैं। बुधवार दोपहर साढ़े बारह बजे वह चिनहट से कमता जा रहे थे। अवध बस अड्डे के सामने वह एक कार को ओवरटेक करने लगे। तभी विपरीत दिशा आ रही स्कूटी की बाइक से टक्कर हो गई। इससे स्कूटी सवार महिला सिपाही गिर गई। वह छात्र पर भड़क गई और थप्पड़ मारने लगी। फिर जूता निकालकर बाइक की सीट पर रखा। इस पर छात्र ने जूता फेंक दिया। सिपाही जूता उठाकर छात्र को पीटने लगी। लोगों को वीडियो बनाते देख सिपाही शांत हो गई। एडीसीपी पूर्वी अमित कुमावत ने बताया कि जांच की जा रही है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।महिला सिपाही सादे कपड़ों में थी। टक्कर लगने के बाद उसने खुद को सिपाही बताते हुए छात्र से नुकसान की भरपाई करने को कहा। छात्र ने कहा कि वह सही दिशा से आ रहे थे। हेलमेट भी लगाए थे। आपके विपरीत दिशा में आने की वजह से हादसा हुआ।

## दुष्कर्म पीड़िता परिवार से रिश्वत मांगने पर बाबू निलंबित, 50 हजार रुपये मांगे थे

संवाददाता

लखनऊ। दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से रिश्वत मांगने के मामले में बाबू को निलंबित कर दिया गया है। समाज कल्याण राज्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है।हमीरपुर में समाज कल्याण के वरिष्ठ सहायक तुषार द्वारा दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से 'अत्याचार उत्पीड़न योजनांतर्गत' आर्थिक सहायता दिलाए जाने के लिए 50 हजार रुपये मांगे जाने के वायरल ऑडियो क्लिप के बाद सख्त कार्यवाही की गई है।मामले में समाज कल्याण राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने तत्काल विभागीय उपनिदेशक को जांच के निर्देश दिए। उपनिदेशक कानपुर मंडल ने स्थलीय जांच में प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित बाबू को निलंबित कर दिया है।

## जिसके युवा ...उसकी सरकार भाग्य विधाता की भूमिका में होंगे देश के नौजवान


संवाददाता

लखनऊ। गुरु आज भात–दाल ही बनाए हैं... । तनिक दो ठू टमाटर मिल जाय तो चोखा बना लें... । तनिक जुबान का टेस्ट बदल जाएगा... । कभी प्रयागराज की गलियों में जाइए। ये सब सुनने को मिल जाएगा। यूनिवर्सिटी रोड पर किताबें तलाशते चेहरों को कभी छोटा बघाड़ा, अल्लापुर, सलोरी, प्रयाग के बंद कमरों में तलाशिएगा। अंदर से बंद कमरों की खामोशी को महसूस कीजिएगा। कभी काशी जाना हो तो लंका जरूर जाइएगा। यहां चाय, लौंगलता के साथ सजी युवाओं की महफिल को जरूर सुनिएगा। महसूस कीजिएगा कि कॅरिअर की चिंता क्या होती है। कभी कानपुर में काकादेव भी जाइएगा। करिअर के तनाव में फीके हो चले चेहरों को जरूर पढ़िएगा... । ये वो चेहरे हैं जो राजनीति की दशा और दिशा बदलते हैं। असीमित ऊर्जा के साथ असीमित संभावनाओं वाले युवा इस चुनाव में क्या गुल खिलाएंगे बता रहे हैं अक्षय कुमार...देश के करीब साढ़े सात करोड़ युवा मतदाता लोकसभा चुनाव में भाग्य विधाता की भूमिका में होंगे। यह भी सच है कि युवा जिसके साथ होते हैं, सरकार उसकी होती है। सियासी दल इसको बखूबी जानते हैं, इसलिए युवाओं को लुभाने के लिए हर जतन करते दिख रहे हैं। युवाओं के मुद्दे पर वार–पलटवार हो रहे हैं। पर, गैजेट्स और इंटरनेट से लैस युवा वर्ग सबको खामोशी से परख रहा है। उनके दावों को तौल रहा है।सरकार के दावे. ..6.5 लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दी प्रदेश सरकार ने अपने सात साल के कार्यकाल में।3 लाख से अधिक को विभिन्न पदों पर संविदा पर दी गई तैनाती।17 लाख युवाओं को कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षित किया गया। अब इंटरमीडिएट स्तर के विद्यार्थियों को भी इससे जोड़ा जा रहा है।500 से ज्यादा स्टार्टअप शुरू हुए।10 हजार समूह श्ग श के पदों के लिए डेढ़ महीने में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने विज्ञापन जारी किए।केंद्र सरकार की ओर से चलाए गए दस लाख भर्तियों के अभियान में लगातार आयोजन कर युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।2.4: ही रह गई है बेरोजगारी दर प्रदेश में। जो 2017 से पहले 19: से अधिक थी।57000 तकनीकी ग्रेजुएट व पोस्टग्रेजुएट निकल रहे हैं हर साल एकेटीयू, एमएमएमयूटी गोरखपुर व एचबीटीयू कानपुर से।18 लाख युवा हर साल सरकारी व प्राइवेट यूनिवर्सिटी से यूजी–पीजी करके निकल रहे हैं।पर, दावों से इतर पेपर लीक जैसे मामले भी हैं। विपक्ष उन्हें लेकर हमलावर है। वह मुद्दे को धार दे रहा है। हालांकि, यह भी सच है कि सरकार ने विभिन्न भर्तियों में पेपर व व्यवस्था से छेड़छाड़ करने वालों पर सख्ती की। सिपाही भर्ती व आरओ–एआरओ भर्ती परीक्षा रद्द कर दी गई, तो संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई भी की गई।पर, इंतजार का दर्द भी...3313 टीजीटी, 850 पीजीटी और 1017 असिस्टेंट प्रोफेसरों के पदों पर भर्ती के आवेदन 2022 में आ चुके हैं। 13 लाख से अधिक आवेदक दो साल से इंतजार कर रहे हैं।6365 एलटी के पदों पर भर्ती के लिए 2022 में अधियाचन माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से लोक सेवा आयोग को भेजा गया। समकक्ष अर्हता को लेकर मामला दो साल से लंबित है।896 सहायक सांख्यिकी अधिकारीध् सहायक शोध अधिकारी (एएसओ–एआरओ) की भर्ती प्रक्रिया अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने 2019 में शुरू की और अब तक यह पूरी नहीं हो पाई।69,000 शिक्षक भर्ती मामले में आरक्षण को लेकर अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे हैं, मामला न्यायालय में है। विभाग इसका निस्तारण नहीं करा पा रहा है।2022 से चल रही लेखपाल के 8085 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया हाल ही में पूरी हुई।

## पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के 13 ठिकानों पर ईडी के छापे, अब तक 50 करोड़ की संपत्ति जब्त

संवाददाता

, लखनऊ। ।पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के लखनऊ, अमेठी, मुंबई व दिल्ली के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशायल की टीम ने छापेमारी की और बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज व 44 लाख नकद बरामद किया है। गायत्री की अब तक 50 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है।खनन घोटाले और आय से अधिक संपत्ति के मामले में पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के चार शहरों के 13 ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को छापे मारे। लखनऊ, अमेठी, दिल्ली और मुंबई में हुई कार्रवाई के दौरान तमाम बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज मिले हैं। 44 लाख की नकदी भी जब्त की गई है।जांच एजेंसी ने गायत्री के महिला मित्र गुड्डा देवी की लखनऊ में आशियाना स्थित आवास और दामाद के विभूति खंड, गोमतीनगर में ओमेक्स हाइट्स के फ्लैट को भी खंगाला है। इसके अलावा गायत्री के सरोजनी नायडू मार्ग स्थित हैवलक कॉलोनी में निर्माणाधीन परिसर, आम्रपाली योजना व आलमबाग के परिसरों को भी खंगाला गया है। कार्रवाई के दौरान केंद्रीय बलों के जवान भी मौजूद रहे। ईडी के अधिकारियों ने गायत्री के बेटे अनुराग को अमेठी से लखनऊ के जोनल कार्यालय लाकर पूछताछ की, जो देर रात तक जारी रही। सूत्रों के अनुसार अनुराग जांच में सहयोग नहीं कर रहा था।महिला मित्र व दामाद के नाम खरीदीं संपत्तियांईडी ने बीते दिनों गायत्री के मुंबई के ठिकानों पर छापा मारा था। वहां चार बेशकीमती फ्लैटों में अरबों की बेनामी संपत्तियों और कंपनियों में निवेश के प्रमाण मिले थे। उनकी जांच के बाद ईडी के अधिकारियों ने गायत्री के बाकी ठिकानों को भी खंगालने का निर्णय लिया। इसके बाद बृहस्पतिवार को कार्रवाई की। जांच में सामने आया है कि गायत्री ने गुड्डा देवी और अपने दामाद के नाम से भी कई संपत्तियां खरीदी हैं।– गुड्डा देवी के अमेठी के ठिकाने पर छापे के दौरान अधिकारियों ने नोट गिनने वाली दो मशीन भी मंगाईं। वहां करीब दो घंटे तक नोटों की गिनती चली। रात करीब नौ बजे ईडी की टीम वहां से बाहर निकली।विधायक पत्नी बेहोश, अस्पताल भेजा गयाअमेठी में गायत्री के आवास पर छापे के दौरान उनकी विधायक पत्नी महाराजी प्रजापति और बेटा अनुराग और बाकी परिजन मौजूद थे। अधिकारियों ने महाराजी से संपत्तियों के बारे में पूछताछ शुरू की तो वह बेहोश हो गईं। उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से शाम को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।अब तक 50 करोड़ की संपत्ति जब्तखनन घोटाले में ईडी गायत्री की 50.37 करोड़ रुपये की संपत्तियों को जब्त कर चुका है। ये संपत्तियां अमेठी, लखनऊ, मुंबई, दिल्ली आदि शहरों में खरीदी गई थीं। इनमें मुंबई में गायत्री द्वारा 25 करोड़ में खरीदा गया आलीशान विला और चार फ्लैट भी शामिल हैं, ।जिनकी वर्तमान



बाजार कीमत 100 करोड़ से अधिक है। गायत्री वर्तमान में लखनऊ जेल में गैंगरेप के मामले में सजा काट रहा है।राज्यसभा चुनाव में नहीं दिया था वोटसपा विधायक महाराजी प्रजापति ने हाल ही में राज्यसभा चुनाव के दौरान अस्वस्थ होने का हवाला देकर वोट नहीं डाला था। इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में तमाम कयास भी लगाए गये थे।

# सीएम योगी स्पोर्ट्स सिटी सहित 76 परियोजनाओं की देंगे सौगात

संवाददाता

गोरखपुर। इस दौरान वह गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 1878 करोड़ की 76 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। सीएम योगी 1858 करोड़ की जिन 25 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे उनमें जीडीए की 207 एकड़ में बनने वाली राप्तीनगर विस्तार एवं स्पोर्ट्स सिटी परियोजना सबसे प्रमुख है।सीएम योगी शुक्रवार को गोरखपुर दौरे पर आएंगे। इस दौरान वह गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 1878 करोड़ की 76 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। सीएम योगी 1858 करोड़ की जिन 25 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे उनमें जीडीए की 207 एकड़ में बनने वाली राप्तीनगर विस्तार एवं स्पोर्ट्स सिटी परियोजना सबसे प्रमुख है।



इसके अलावा 17.21 करोड़ से वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला में महंत अवेद्यनाथ ज्ञान विज्ञान पार्क की स्थापना, 13.47 करोड़ से मेडिकल रोड पर चरगांवा के करीमनगर चौराहे को जोड़ने वाली सड़क को स्मार्ट बनाए जाने, 10 करोड़ से वॉटर स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का अनुरक्षण एवं रामगढ़ताल में स्पोर्ट्स एक्टिविटी के संचालन समेत 21 परियोजनाएं शामिल हैं।इसके अलावा योगी 3.60 करोड़ से सोनबरसा में स्मार्ट स्कूल एवं ग्राम पंचायत भवन, 1.78 करोड़ से सिटी मॉल के सामने गोरखपुर हाट, 1.72 करोड़ से योगी बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह एवं संस्कृति केंद्र में ऑनग्रिड 250 केडब्ल्यूपी सोलर प्लांट की आपूर्ति एवं स्थापना, 1.40 करोड़ से सर्किट हाउस के सामने मैरिएट होटल 11 केवी ओवर हेड फीडर शिफ्टिंग समेत 51 परियोज नाओं का लोकार्पण करेंगे।अधिकारियों ने तैयारियों का लिया जायजाजीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन, सचिव उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को प्राधिकरण के अभियंताओं के साथ मौके का निरीक्षण कर कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। फर्टिलाइजर फैक्ट्री को जाने वाली सड़क से स्पोर्ट्स स्टेडियम को जाने वाली सड़क के बीच प्राधिकरण की ओर से राप्तीनगर विस्तार में प्रस्तावित मेडिकल सुविधाओं के लिए आरक्षित भूखंडों की भूमि पर पूजन किया जाएगा। फतेहपुर गांव की जमीन पर सीएम योगी आदित्यनाथ की जनसभा आयोजित होगी। निरीक्षण के दौरान राप्तीनगर विस्तार एवं स्पोर्ट्स सिटी विकसित करने के लिए चयनित फर्म मेसर्स गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 मार्च को प्राधिकरण की 1876 करोड़ की लागत से 76 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इसमें राप्तीनगर विस्तार एवं स्पोर्ट्स सिटी शामिल है। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेकर आवश्यक सुधार का निर्देश दिया गया है।

## मरीज माफिया के खुलासा से सकते में स्वास्थ्य विभाग

संवाददाता

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में पकड़े गए मरीज माफिया के खुलासे की चर्चा बृहस्पतिवार को पूरे दिन स्वास्थ्य विभाग में बनी रही। हर कोई जानना चाहता था कि आखिर वह कौन साहब हैं, जिनका नाम पूछताछ में आया है। चर्चा यह भी है कि इस साहब और पकड़े गए दलाल के बीच व्हाट्सएप पर भी चौटिंग हुई है।दो दिन पहले बीआरडी मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों ने दो लोगों को मरीजों की दलाली के आशंका में पकड़कर पुलिस को सौंपा था। इसमें से एक व्यक्ति को पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ दिया था, लेकिन दूसरे से पूछताछ चल रही है। चूंकि कॉलेज प्रशासन ने कोई तहरीर नहीं दी है, इसलिए किसी के खिलाफ अभी केस दर्ज नहीं हुआ है, लेकिन, यह बताया जा रहा है कि पुलिस की पूछताछ में यह बात सामने आई है कि इस अस्पताल का नाम बदलकर कुछ दिन पहले ही पंजीकरण कराया गया था और इसका पंजीकरण भी महज एक महीने के लिए ही वैध था।पकड़े गए दलाल ने स्वास्थ्य विभाग के एक अफसर का नाम बताया है। बृहस्पतिवार को पूरे दिन सीएमओ कार्यालय और जिला अस्पताल में इस बात की चर्चा रही कि आखिर वह कौन है, जिसका नाम दलाल ने पुलिस को बताया है।

## डेढ़ माह में निरस्त हो गए जाति, आय और निवास के 3252 आवेदन

संवाददाता

गोरखपुर । एक फरवरी से 13 मार्च तक जाति और आय प्रमाण के लिए 18931 आवेदन हुए थे, इनमें 2373 आवेदन निरस्त हो गए। इनमें 1181 जाति और 1192 आय के आवेदन निरस्त हुए हैं। 10,070 आवेदन जाति के लंबित हैं। इसी प्रकार निवास प्रमाण पत्र के 1188 आवेदन लंबित हैं। डेढ़ माह में 6682 लोगों ने निवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था, जिनमें 779 लोगों के आवेदन रिजेक्ट हो गए हैं।गोरखपुर। जाति, आय और निवास प्रमाण पत्रों के आवेदन निरस्त होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सदर तहसील में डेढ़ माह में 3252 आवेदन निरस्त हो गए हैं। इन्हें दोबारा आवेदन करना पड़ रहा है। इनमें कुछ लोग शिकायतें भी कर रहे हैं, लेकिन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए दूसरी बार आवेदन करना ही विकल्प है।कुछ आवेदनों में राजस्वकर्मियों की लापरवाही से दिक्कतें आ रही हैं तो कुछ मामलों में जनसेवा केंद्रों से गलत जानकारी अपलोड की जा रही है। आठ फरवरी से ही आधार कार्ड आधारित ओटीपी के माध्यम से प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। जिनके आधार कॉर्ड में नाम में त्रुटियां हैं, उनके आवेदन भी अटक जा रहे हैं। जाति, आय और निवास प्रमाणपत्र के बिना लोगों के काम भी अटक रहे हैं, लेकिन प्रमाणपत्र मिलने की राह आसान नहीं हो पा रही है।एक फरवरी से 13 मार्च तक जाति और आय प्रमाण के लिए 18931 आवेदन हुए थे, इनमें 2373 आवेदन निरस्त हो गए। इनमें 1181 जाति और 1192 आय के आवेदन निरस्त हुए हैं। 10,070 आवेदन जाति के लंबित हैं। इसी प्रकार निवास प्रमाण पत्र के 1188 आवेदन लंबित हैं। डेढ़ माह में 6682 लोगों ने निवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था, जिनमें 779 लोगों के आवेदन रिजेक्ट हो गए हैं।इस कारण निरस्त हो रहे हैं आवेदनराजस्व कर्मियों के फोल्डर में निर्धारित समय से अधिक दिन तक आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए, इस कारण पर्याप्त साक्ष्य या जानकारी के अभाव में आवेदन निरस्त किए जा रहे हैं। कुछ मामलों में अधूरी जानकारी भी आवेदन रिजेक्ट होने का कारण बन रही है।राजस्व विभाग में राजस्व गांव लिखना चाहिए, लेकिन कुछ लोग पत्राचार का स्थानीय पता भरकर भी मायूस हो रहे हैं। जिन लोगों का आवेदन रिजेक्ट हुआ है, उनमें कम लोग ही शिकायत कर रहे हैं।तहसीलदार सदर विकास सिंह ने बताया फोल्डर में रिपोर्ट लगाने के दौरान कभी कभी आवेदकों से संपर्क नहीं हो पाता है तो अपूर्ण साक्ष्य और जानकारी नहीं मिल पाती है। जिन लोगों के फोल्डर में अधिक संख्या में आवेदन रिजेक्ट होंगे, उनसे जवाब मांगा जाएगा।

## थाईलैंड में रहने के लिए युवक ने नाम बदलकर बनवाया पासपोर्ट– ऐसे आया पकड़ में

संवाददाता

गोरखपुर । पवन कुमार त्रिपाठी के नाम से जारी पासपोर्ट के जरिये वह पहले थाईलैंड में रहता था। वीजा की अवधि खत्म होने के बावजूद वह अवैध रूप से थाईलैंड में रह रहा था। इस वजह से उसके पासपोर्ट को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया और उसे भारत में निर्वासित कर दिया गया। लेकिन वह फिर से थाईलैंड जाने की ठानी और फर्जी पासपोर्ट बनवा लिया।थाईलैंड में अवैध रूप से रहने के दौरान गोरखपुर के एक को युवक ब्लैक लिस्ट कर दिया गया। लिहाजा युवक अब उस पासपोर्ट पर दोबारा थाईलैंड नहीं जा सकता था। युवक ने भी आधार कार्ड में नाम पता बदलकर दूसरा पासपोर्ट ही बनवा लिया, लेकिन उसकी यह चालबाजी आईजीआई एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन के दौरान धरी रह गई। अधिकारियों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।पवन कुमार तिवारी नाम का एक युवक थाईलैंड जाने के लिए 10 मार्च की रात हवाई अड्डा पहुंचा।

उसका स्पाइस जेट के विमान में टिकट था। युवक इमिग्रेशन मंजूरी के लिए अधिकारियों के पास गया। कागजात की जांच के दौरान अधिकारियों को पता चला कि युवक के पास दो नाम से पासपोर्ट है। अधिकारियों ने उससे पूछताछ की। युवक ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि उसका असली नाम पवन कुमार त्रिपाठी है। वह मूलतरू गांव बसावनपुर गोरखपुर यूपी का रहने वाला है। वह पवन कुमार त्रिपाठी के नाम से जारी पासपोर्ट के जरिये वह पहले थाईलैंड में रहता था। वीजा की अवधि खत्म होने के बावजूद वह अवैध रूप से थाईलैंड में रह रहा था। इस वजह से उसके पासपोर्ट को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया और उसे भारत में निर्वासित कर दिया गया। लेकिन वह फिर से थाईलैंड जाने की ठानीइसके लिए वह अपने आधार कार्ड में जन्मतिथि और अपना व अपने पिता का नाम बदल दिया। उसने बताया कि इस आधार कार्ड के जरिए उसने पवन कुमार तिवारी के नाम से पासपोर्ट हासिल कर लिया। जिसकी मदद से वह थाईलैंड जाने के लिए दिल्ली हवाई अड्डा पहुंचा। अधिकारियों ने आरोपी युवक को पुलिस के हवाले कर दिया।

## केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित हुए 30 पहलवान

संवाददाता

गोरखपुर। खेल निदेशालय की ओर से केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर 2024—25 के लिए 13 और 14 मार्च को रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंडर—15 प्रदेशीय बालक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 18 मंडलों के कुश्ती खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। दो दिनों तक चली प्रतियोगिता के बाद शिविर के लिए 30 खिलाड़ियों का चयन किया गया। इसमें मेरिट में आने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश के स्पोर्ट्स हॉस्टल और कॉलेजों में प्रवेश मिलेगा।बृहस्पतिवार को 42 किलोग्राम भारवर्ग में गाजियाबाद के अर्जुन चौधरी, मऊ के शिवम सिंह, प्रभाष यादव और सहारनपुर के कार्तिक कुमार चयनित हुए। 46 किलो में वाराणसी के अकबर और बुलंदशहर के हर्ष भारद्वाज, 50 किलो में आजमगढ़ के सुरदीप सैनी, मऊ के आयुष यादव, गौतमबुद्धनगर के विशाल कुमार और मुरादाबाद के अर्ष खान चयनित हुए। 54 किलो में गाजीपुर के चेतन चौहान, गोरखपुर के हंशराज गुप्ता और मिर्जापुर के नीरज यादव, 58 किलो में भदोही के आनंद कुमार, गाजीपुर के धर्मराज का चयन हुआ।

## गोरखपुर, लखनऊ और बरेली में साई सेंटर खोलने की तैयारी

संवाददाता

गोरखपुर। खिलाड़ियों की बेहतर ट्रेनिंग और चयन के अधिक मौकों के लिए पूर्वोत्तर रेलवे तीन जगहों पर स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) का सेंटर बनवाने की तैयारी कर रहा है। गोरखपुर, लखनऊ और इज्जतनगर (बरेली) में साई के सेंटर के लिए एनईआर ने रेलवे खेलकूद विकास बोर्ड को प्रस्ताव भेजा है। एनईआर को उम्मीद है कि इस प्रस्ताव को जल्द ही स्वीकृति मिल जाएगी।पूर्वोत्तर रेलवे ने प्रस्ताव में गोरखपुर में एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, हैंडबॉल और कुश्ती के लिए सेंटर खोलने की मांग की है। इसे सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में बनाया जाएगा। इसके अलावा लखनऊ में एथलेटिक्स और कुश्ती के लिए बरेली में एथलेटिक्स के सेंटर के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। सेंटर के लिए रेलवे अपनी तरफ से जमीन उपलब्ध कराएगी। रेलवे खेलकूद विकास बोर्ड से यह प्रस्ताव खेल मंत्रालय को जाएगा।चयन में मिलेगी प्राथमिकतासाई के सेंटर में खिलाड़ियों को सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि उन्हें बड़ी प्रतियोगिताओं में प्राथमिकता मिलेगी। यहां पर उन्हें राष्ट्रीय स्तर के ट्रेनर मिलेंगे, जिससे उनकी ट्रेनिंग बेहतर होगी। साथ ही राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चयन के भी ज्यादा मौके मिलेंगे। इससे लोकल स्तर पर खेलों को बढ़ावा मिलेगा। साई के सेंटर में खिलाड़ियों की डाइट पर भी खास ध्यान होता है। यहां फंड की कमी नहीं होती। खिलाड़ियों को कितनी डाइट दी जानी है और डाइट में क्या कुछ होना चाहिए, यह सब कुछ तय होता है।तैयार होंगे राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ीस्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया का उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना है।

## खजनी और चरगांवा सीएचसी को मिलेगी सोलर एनर्जी

संवाददाता

गोरखपुर। राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम को लेकर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व 42 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चयनित किए गए हैं। इसमें जिले के चारगांव को खजनी सीएचसी का चयन भी किया गया है। इन केंद्रों पर 16 किलोवॉट के सोलर पैनल लगाए जाएंगे, जिससे 24 घंटे बिजली आपूर्ति होती रहेगी।ग्रामीण क्षेत्र के सीएचसी—पीएचसी में अभी भी बिजली संकट बना रहता है। शाम होते ही कई केंद्रों पर अंधेरा छा जाता है। इसे देखते हुए शासन ने खजनी व चरगांवा सीएचसी पर 16 किलोवाट के सोलर पैनल लगाने की योजना बनाई गई है। सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दुबे ने बताया कि इन दोनों अस्पतालों में सोलर पैनल लगने से रात में आए मरीजों के अलावा स्टॉफ को भी सुविधा मिलेगी।अप्रैल में चलेगा संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियानवेक्टर जनित रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा।

# तीन लुटेरों का लगी गोली...पांच गिरफ्तार, सजारी और गुजैनी से पकड़े गए 25-25 हजार के इनामी बदमाश

संवाददाता

कानपुर। चकेरी पुलिस का कांशीराम कॉलोनी सजारी में अंतरराज्यीय गैंग के लुटेरों से आमना–सामना हुआ। इसमें दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, गुजैनी में महिला अफसर से लूट का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया।कानपुर में चकेरी पुलिस की बुधवार रात सनिगवां सजारी में लुटेरों के अंतरराज्यीय गैंग के चार शातिरों से मुड़भेड़ हो गई। जवाबी फायरिंग में 25–25 हजार रुपये दो इनामी बदमाशों को पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने दोनों बदमाशों समेत चार को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त कार व तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस आरोपियों के फरार साथियों की तलाश में दबिश दे रही है।सनिगवां के कांशीराम कॉलोनी स्थित जंगल में बुधवार रात वैगनआर कार सवार बदमाशों के वारदात करने की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने घेराबंदी की। इस दौरान कार सवार बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी और वे जमीन पर गिर गए। पुलिस ने इनके अलावा दो और बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों घायलों को इलाज के लिए कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया है।वहां से इन्हें हैलट रेफर कर दिया गया। डीसीपी पूर्वी एसके सिंह ने बताया कि मुड़भेड़ में गाजियाबाद के मूल निवासी चंदन सिंह और गुड़गांव हरियाणा निवासी तेग सिंह नेगी उर्फ प्रकाश पैर में गोली लगी है। दो और साथियों मुकेश और दयाल को गिरफ्तार किया गया है। इसी साल मार्च माह में चकेरी के हरजिंदरनगर के रामगली निवासी एक निजी स्कूल की प्रबंधक हेमलता जोशी (70) के स्कूल में घुसकर तीन बदमाशों डकैती डाली थी।सर्विलांस की मदद से बदमाशों की तलाश में जुटी थी पुलिसबदमाशों को पता चला था कि स्कूल परिसर स्थित इनके आवास में पांच से सात करोड़ रुपये रखे हैं। बदमाश फीस जमा करने का बहाना बनाकर घुसे और फिर ऑफिस खुलवाया था। विरोध पर उन्होंने मारपीट कर चाकू से हमला कर डकैती डाली थी। मामले में हेमलता जोशी के दामाद ने मामला दर्ज कराया था। इसके बाद से पुलिस सर्विलांस की मदद से बदमाशों की तलाश में जुटी थी।आरोपियों पर दिल्ली और देहरादून में भी मामले दर्जडीसीपी के मुताबिक पुलिस की जांच में पकड़े गए बदमाशों और इनके साथियों का नाम सामने आया था। हेमलता के घर में वारदात को अंजाम देने के बाद यह बदमाश दिल्ली भाग गए थे। इन आरोपियों ओर दिल्ली, देहरादून में कई मामले दर्ज है। पुलिस को हेमलता के घर में हुई वारदात में किसी करीबी का हाथ होने का भी पता चला है। इसके अलावा और भी जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों पर 25–25 हजार का इनाम भी घोषित है। इसी गैंग ने वर्ष 2022 में कल्याणपुर में एक डॉक्टर के घर डकैती की वारदात को अंजाम दिया था।अंतरराज्यीय गैंग के अपराधी हैं आरोपीडीसीपी पूर्वी ने बताया कि आरोपी दिल्ली और यूपी में ज्यादा सक्रिय हैं। वे इन्हीं दो राज्यों में लूट और डकैती जैसी वारदातों को अंजाम देते थे। आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। साथ ही इनके पास से एक देसी पिस्टल व कार बरामद हुई है।गुजैनी में महिला अफसर से लूट का आरोपी गिरफ्तारवहीं, गुजैनी के पिपौरी गांव में रात एक बजे फजलगंज इंस्पेक्टर सुनील सिंह की टीम ने महिला अफसर से लूट में फरार चल रहे सत्यम तिवारी को पकड़ने की कोशिश की। इस पर आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। सत्यम पर एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

# परियोजनाओं के जरिये मिर्जापुर में आया परिवर्तन का युग : अनुप्रिया

संवाददाता

मिर्जापुर। जिले में केंद्र और प्रदेश की बहुत सारी परियोजनाएं धरातल



पर उतरी हैं। इन परियोजनाओं के जरिये जिले में परिवर्तन का युग प्रवेश किया है। यह कहना है केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुप्रिया पटेल का। वे बृहस्पति वार को लोकसभा केंद्रीय कार्यालय छ ौरुपुर में सांसद निधि व विधान मंडल क्षेत्र के विकास निधि के तहत लगभग 16 करोड़ की लागत से विभिन्न स्थलों पर सोलर ऊर्जा पर आधारित परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में बोल रही थीं। कहा कि जिले में मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, आयुष अस्पताल, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र, विंध्य विश्वविद्यालय जैसी बड़ी–बड़ी परियोजनाएं लाई गई हैं। उन्होंने पंचशील डिग्री कॉलेज ग्राम मवई कला पोस्ट हलिया और श्री राम प्रसाद सिंह बालिका इंटरमीडिए कॉलेज शेरपुर में 18 लाख की लागत से सौर ऊर्जा आध ारित मिनी पेयजल योजना का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने उषा देवी सिंह विधि महाविद्यालय बरेवां चुनार, केवलपत्ती बैजनाथ माध्यमिक विद्यालय परसबंधा कमालपुर एवं वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज, गंगापुर में 25.26 लाख की लागत से सौर ऊर्जा आधारित बैटरी बैकअप की स्थापना कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना के तहत 321 स्थलों पर 6.54 करोड़ की लागत से विद्युत हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य की आधारशीला रखीं। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि योजना अंतर्गत जनपद मिर्जापुर में 9.07 करोड़ की लागत से 445 स्थलों पर विद्युत सेमी हाई मास्ट लाइट का अधिष्ठापन कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर सरोज कुशवाहा, राम लौटन बिंद, रविंद्र नाथ पाठक, विपुल सिंह आदि उपस्थित रहे।अंडरपास का किया शिलान्यास। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बृहस्पतिवार को कछवां रोड रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में कछवां रोड पर ओवर ब्रिज ,वाराणसी – प्रयागराज खण्ड पर समपार सं. 17 सी एवं 18 सी पर अंडर पास का शिलान्यास भूमिपूजन करके किया। इस अवसर पर विधायक रेहनिया सुनील पटेल,पूर्व विधायक रमेश पटेल,मंडल रेल परामर्शदात्री समिति के सदस्य अजय उपाध्याय मौजूद रहे।

## एएनएम छात्रा की मौत को लेकर अखिलेश ने कसा तंज

संवाददाता

औरैया। सैफई मेडिकल कॉलेज की पैरामेडिकल छात्रा का शव क्षत–विक्षत हालत में मिला था। मामले में अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नारी का न मान बचा पा रही है और न उसकी जान।इटावा के सैफई मेडिकल कॉलेज की छात्रा की हत्या के मामले में सपा नेता अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा है कि सैफई यूनिवर्सिटी में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई छात्रा की मौत अत्यंत गंभीर विषय है। ये उप्र में भाजपा के समय अपराध के खिलाफ जीरों टॉलरेंस की घोषित नीति के जीरो हो जाने का एक और बेहद दुखद उदहारण है।इस कथित हत्या की न्यायिक जांच हो, जिससे बीएचयू और सैफई विवि जैसी घटनाओं में लिप्त लोगों का सच सामने आ सके और सरकार चाहकर भी उनको न बचा सके। भाजपा सरकार नारी का न मान बचा पा रही है और न उसकी जान। बता दें कि छात्रा के पोस्टमार्टम के बाद सुबह शव के औरैया पहुंचते ही चीख पुकार मच गई। काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मृतका के घर पर जमा हो गई।इस बीच घटना से आक्रोशित लोग शव उठने को लेकर मौके पर डीएम और एसपी को बुलाने की जिद पर अड़े हुए हैं।

## बाबू की हवेली संभालेगा प्रशासन, बनेगा म्यूजियम

संवाददाता

बाराबंकी। आजाद भारत को हॉकी में पहला स्वर्ण पदक दिलाने वाले बाराबंकी के सपूत व महान हॉकी खिलाड़ी बाबू केडी सिंह की हवेली अब म्यूजियम के बतौर पहचानी जाएगी। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन संभालेगा। म्यूजियम में बाबू के खेल जगत से लेकर सार्वजनिक जीवन तक के सफर की तमाम उपलब्धियों को संजोया जाएगा। ताकि इस महान खिलाड़ी से जुड़ी छोटी–बड़ी बातों को युवा पीढ़ी आसानी से जान समझ सके।बाबू केडी सिंह के परिवारीजनों की तरफ से एकजुट होकर अदालती विवाद समाप्त किए जाने की सहमति के बाद नियुक्त हुए रिसीवर एसडीएम ने बृहस्पतिवार को बाबू की हवेली को सील कर इसे प्रशासनिक कब्जे में ले लिया। जल्द ही लोक निर्माण विभाग द्वारा लागत का आंकलन करने के बाद अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसे लेकर प्रशासन शुक्रवार को अपना प्रस्ताव शासन को भेजेगा।शहर के मोहल्ला सिविल लाइन में करीब 38 हजार स्क्वायर फिट में स्थित बाबू केडी सिंह की हवेली पारिवारिक विवाद के चलते नीलामी की कगार तक पहुंच गई थी। जिले के प्रभारी मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक अफसरों ने हवेली को म्यूजियम बनाने का प्रयास शुरू किया। सीएम की पहल पर मामला आगे बढ़ा तो कोठी की नीलामी प्रक्रिया रोकी गई। इसके बाद केडी सिंह के परिवार के लोग भी अपनी हठ छोड़कर आगे आए।

# चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपती समेत तीन की मौत

संवाददाता

विंध्याचल धजिगना। विंध्याचल थाना क्षेत्र के मिर्जापुर–प्रयागराज हाईवे मार्ग पर अकोढ़ी गांव के पास बृहस्पतिवार दोपहर साढ़े तीन बजे तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने एक बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बीमार रिश्तेदार को देखकर लौट रहे बाइक सवार दंपती समेत तीन लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव की पहचान कर परिजनों को सूचना दी। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुटी हुई है।जिगना थाना क्षेत्र के बरबटा गांव निवासी राजदेव बिंद (35) पत्नी सन्नो देवी (32) और अपनी फुफेरी बहन आशा देवी (45) के साथ मिर्जापुर अस्पताल में किसी रिश्तेदार को देखने गया था। दोपहर साढ़े तीन बजे बाइक से तीनों घर लौट रहे थे। रास्ते में विंध्याचल थाना क्षेत्र के मिर्जापुर–प्रयागराज हाईवे मार्ग पर अकोढ़ी गांव के पास तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीनों सड़क पर अलग–अलग दिशा में दूर जाकर गिरे। दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। बाइक सवार तीनों की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक वाहन को 500 मीटर दूर खड़ा कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि बाइक सवार चार पहिया वाहन को ओवरटेक कर रहा था। चार पहिया वाहन में दो महिला और दो पुरुष सवार थे।

मौके पर पहुंच सीओ सिटी मनोज गुप्ता और थानाध्यक्ष दयाशंकर ओझा ने शव की शिनाख्त कराकर परिजनों को सूचना दी। सीओ सिटी मनोज गुप्ता ने बताया कि सड़क हादसे में पति पत्नी और फुफेरी बहन की मौत हुई है। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# गर्दन पर मिला गहरा घाव, पुलिस बोली– प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका, प्रेमी की तलाश जारी

संवाददाता

इटावा। नर्सिंग प्रथम वर्ष की छात्रा प्रिया ने सुबह आठ से एक बजे तक ओपीडी में नौकरी की। इसके बाद वह साथ में काम करने वाली अपनी दोस्त को मोबाइल देकर चली गई। जाते समय जल्दी लौटने की बात भी कही। जानकारी पर शाम को परिजन भी तलाशने आए, लेकिन तब कोई सुराग नहीं लगा था। पुलिस प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका जता रही है।इटावा जिले में सैफई मेडिकल कॉलेज की पैरामेडिकल छात्रा की हत्या कर शव सड़क किनारे फेंक दिया गया। घटना की जानकारी होते ही मेडिकल कॉलेज के छात्र आक्रोशित हो गए। उन्होंने ट्रामा सेंटर के सामने हंगामा किया और जिला प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। हंगामे की सूचना पर कई थानों की पुलिस पहुंच गई। छात्र–छात्राओं को समझाने का प्रयास देर रात तक किया जा रहा था।वहीं, पुलिस के मुताबिक छात्रा के गले में घाव मिला है। आशंका है कि धारदार हथियार या फिर गोली मारकर हत्या की गई। गुरुवार देर शाम लगभग आठ बजे वैदपुरा पुलिस को सोनई नदी पुल के पास सड़क किनारे एक युवती का शव पड़ा होने की सूचना मिली। इस पर एसओ समित कुमार पुलिस बल के साथ पहुंच गए। वहां युवती की शिनाख्त का प्रयास किया गया, तो उसके मेडिकल कॉलेज की छात्रा होने की बात पता चली।इस पर पुलिस रात लगभग साढ़े नौ बजे मेडिकल कॉलेज पहुंची। यहां छात्रा की पहचान प्रिया मिश्रा (20) निवासी कुदरकोट जिला औरैया के रूप में हुई। प्रिया एएनएम प्रथम वर्ष की छात्रा थी और छात्रावास की तीसरी मंजिल पर कक्ष संख्या 302 में रहती थी। पुलिस पूछताछ में पता चला कि प्रिया सुबह करीब आठ बजे ओपीडी में ड्यूटी के लिए गई थी। एक बजे वहां से लौटकर आई थी। दो बजे से कक्षाएं चलती हैं।तीन डॉक्टरों के पैनल से छात्रा का पोस्टमार्टम करायाउसमें उसके शामिल न होने पर वार्डन नीलम शाह ने परिजनों को सूचना दी थी। पुलिस से घटना की जानकारी होने पर छात्र आक्रोशित हो गए। बड़ी संख्या में छात्र ट्रामा सेंटर के बाहर जमा हो गए। छात्रों ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन और पुलिस–प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना पर वैदपुरा के साथ ही कई थानों का पुलिस पहुंच गया।

## संयुक्त जिला चिकित्सालय को मिली डिजिटल एक्स रे मशीन

संवाददाता

बलरामपुर। संयुक्त जिला चिकित्सालय को आधुनिक उपकरण व संसाधनों से लैस किया जा रहा है। इसी क्रम में अस्पताल को एक और डिजिटल एक्स रे मशीन की सौगात मिली है। दूसरी मशीन मिलने से मरीजों को अब एक्स रे कराने में बेहतर सुविधा मिलेगी।संयुक्त जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. राजकुमार वर्मा ने बताया कि संयुक्त जिला चिकित्सालय में मरीजों की भारी भीड़ जुटती है। यहां पर प्रतिदिन करीब 100 मरीजों का एक्स रे किया जाता है।अस्पताल में पहले से ही एक छोटी और एक बड़ी डिजिटल एक्स रे मशीन उपलब्ध है।मरीजों की सुविधा के लिए शासन की तरफ से 17 लाख 86 हजार रुपये की लागत से अत्याधुनिक डिजिटल एक्स रे मशीन संयुक्त जिला चिकित्सालय को उपलब्ध कराई गई है।सीएचसी हरैया का उद्घाटनजिलाधिकारी के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया सतघरवा का संचालन शुरु कर दिया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बृहस्पतिवार को सीएचसी का उद्घाटन किया।

# जगतगुरु शंकराचार्य के दर्शन पर डाला प्रकाश

संवाददाता

बलरामपुर। एमएलके महाविद्यालय सभागार में बीएड व शिक्षा विभाग की



तरफ से बृहस्पतिवार को एक व्याख्यान माला में वक्ताओं ने जगतगुरु शंकराचार्य के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला।व्याख्यानमाला का शुभारंभ गोरखपुर विवि के वरिष्ठ आचार्य प्रो. द्वारका नाथ, पूर्व विभागाध्यक्ष संस्कृत एमएलके महाविद्यालय डॉ. माधवराज द्विवेदी और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय ने किया।बीएड की छात्राओं ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य वक्ता ने प्रोफेसर द्वारका नाथ ने कहा कि ईश्वर सर्वत्र हैं, वह सभी में व्याप्त हैं इसका सही प्रचार–प्रसार जगतगुरु शंकराचार्य ने ही किया। आदि शंकराचार्य ने मात्र 32 वर्ष की आयु में ही संपूर्ण भारतवर्ष का तीन बार पैदल भ्रमण कर सनातन धर्म के साथ देश की सभ्यता एवं संस्कृति से भी लोगों को परिचित कराया।पूरब से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक राष्ट्र को एकता एवं अखंडता के सूत्र में पिरोने में उन्हें अभूतपूर्व सफलता मिली। अन्य वक्ताओं ने भी व्याख्यान देते हुए जगतगुरु शंकराचार्य के जीवन दर्शन पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएट एनसीसी आफीसर डॉ. देवेंद्र कुमार चौहान ने किया। इस अवसर पर देवरिया से आए दर्शन शास्त्र की विशेषज्ञ डॉ. श्रीनिवास मिश्र, आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. तबस्सुम फरखी, कार्यक्रम के संयोजक प्रो. राघवेंद्र सिंह, सह संयोजक डॉ. दिनेश मौर्य व आयोजन सचिव प्रो. श्रीप्रकाश मिश्र आदि मौजूद रहेकॉलेज में मनाया गया गणित दिवस एमएलके महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें गणित विषय के स्नातक व परा स्नातक कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में अवधेश चौधरी को प्रथम, राकेश चौरसिया को द्वितीय एवं शिवानी सिंह को तृतीय स्थान पुरस्कार मिला। विभागाध्यक्ष प्रो. वीणा सिंह ने छात्र–छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## अस्मिता व आरती की पेंटिंग सबसे अच्छी

संवाददाता

बलरामपुर। एमपीपी इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार को मतदाता जागरूकता पर चार्ट पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में बेहतर प्रर्दशन करते हुए यूनिवर्ग में अस्मिता श्रीवास्तव तथा सीनियर वर्ग में आरती विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम एवं प्रधानाचार्य चंदन पांडे व राकेश प्रताप सिंह की देखरेख में स्विप के तहत लोकसभा निर्वाचन–2024 मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चार्ट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बलरामपुर सिटी मांटेसरी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, एमपीपी इंटर कॉलेज, बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज, सुंदर दास रामलाल इंटर कॉलेज, एमडी के बालिका इंटर कॉलेज, भगवती आदर्श विद्यालय, बलरामपुर मॉडर्न स्कूल और सीएमएस कॉलेज के छात्र– छात्राओं ने प्रतिभा किया।जूनियर वर्ग में बलरामपुर मॉडर्न स्कूल की अस्मिता श्रीवास्तव ने प्रथम, भगवती आदर्श विद्यालय की लक्ष्मी देवी व बलरामपुर गर्ल्स इंटर कॉलेज के अमीन खान ने द्वितीय तथा सुंदर दास रामलाल के सिद्धार्थ साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर संवर्ग में सिटी मांटेसरी गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्रा आरती विश्वकर्मा ने प्रथम, बलरामपुर बालिका इंटर कालेज की छात्रा प्रियंका श्रीवास्तव को द्वितीय तथा सिटी मांटेसरी गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्रा अनीता पाठक को तृतीय स्थान मिला। इस अवसर पर गीता गौतम, लेफ्टिनेंट शशांक, नीतू श्रीवास्तव, प्रगति श्रीवास्तव, मानसी वर्मा व अजीत विश्वकर्मा आदि रहे ।

# सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत, दो जख्मी

संवाददाता

नवाबगंज (गोंडा)। अलग–अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों में एक युवक को मेडिकल कॉलेज अयोध्या व दूसरा लखनऊ रेफर किया गया है।नवाबगंज थानाक्षेत्र के नकहरा पूरे बरई गांव निवासी श्रवण (36) बुधवार की दोपहर बाइक से कस्बा नवाबगंज किसी काम से आया था। देर रात घर लौट रहा था।ढेमवा मार्ग पर चौखड़िया गांव के पास सामने से आ रहे साइकिल सवार बुजुर्ग किशोरी (60) से भिड़ंत हो गई। हादसे के दौरान श्रवण बाइक समेत सड़क पर गिर गया।हेलमेट नहीं लगाए था, जिससे सिर में अधिक चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साइ किल सवार किशोरी का मेडिकल कॉलेज अयोध्या में चल रहा है।दूसरे हादसे में वजीरगंज थाना क्षेत्र के ब्रह्मा चारी पुरवा निवासी किशन दूबे (31) बुधवार को बाइक से अयोध्या गया था। लौटते वक्त दुल्लापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पोल से जा भिड़ी। हेलमेट टूटकर दूर जा गिरा और उसकी मौत हो गई।तीसरे हादसे में बहराइच के पखरपुर के खेमनीपुर गांव निवासी बीरेंद्र कुमार का बेटा अखिलेश उर्फ गोलू (20) बुधवार की रात बाइक से कौड़िया थानाक्षेत्र के रामापुर बाजार के पास एक मांगलिक कार्यक्रम में जा रहा था। कटरा बाजार थाना क्षेत्र के शांतिनगर के पास बेकाबू कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी और चालक भाग निकला। जख्मी हालत में तक रीबन एक घंटे तक पड़ा रहा।उधर से गुजर रहे राहगीर की सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस कर्मियों ने उसे सीएचसी कटरा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार संजय गुप्ता ने बताया कि पिता की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।चौथे हादसे में थाना खरगूपुर क्षेत्र के ओरीपुरवा गांव के समीप बुधवार की रात आर्यनगर से महराजगंज होकर बलरामपुर की ओर जा रहा एक डंपर अनियंत्रित होकर गांव के लल्लन शुक्ला के घर में घुस गया।इसकी चपेट में आने से ओरीपुरवा निवासी सुरेश कुमार सुरेश कुमार (35) पुत्र बाबूचंद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल लाया गया। जहां से चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया।

## मिट्टी का टीला ढहने से पांच बच्चियां दबीं, मासूम की मौत

संवाददाता

कटरा बाजार (गोंडा)। कटरा बाजार थानाक्षेत्र के महादेव गांव के पास भरथौली तालाब के पास बृहस्पतिवार की दोपहर मिट्टी का टीला ढहने से दो किशोरियां व तीन बच्चियां मलबे में दब गईं।साहस दिखाते हुए मिट्टी हटाकर एक बच्ची किसी तरह से बाहर निकली और भागकर घर पहुंचीं। परिजनों के संग ही गांव के लोग मौके पर पहुंचे और बच्चियों को बाहर निकाल लिया।सीएचसी ले जाते समय रास्ते में दो बच्चियों में से एक ने दम तोड़ दिया। जबकि एक का इलाज चल रहा है। हादसे में एक किशोरी जख्मी हो गई।गांव निवासी शिवपूजन की बेटी परी (5), शालू (6), कन्हैयालाल की बेटी गौरा (12),सुंदरलाल की बेटी सलोनी (13) व साधू की बेटी ननका (15) घर से बकरियां चराने निकली थीं।गांव से एक किलोमीटर दूर भरथौली तालाब के पास एक व्यक्ति ने खनन करा रखा था। इससे मिट्टी का टीला बन गया था। बकरियां टीले के नीचे 15 फिट गहरे गड्ढे में चली गईं।बकरियों को बचाने में बच्चियां भी गहरे गड्ढे में उतर गईं। इसी बीच मिट्टी का टीला ढह गया और पांचों बच्चियां और एक बकरी दब गई, जबकि अन्य बकरियां भाग निकलीं।साहस दिखाते हुए शालू किसी तरह मिट्टी हटाकर बाहर निकली और घर पहुंचकर हादसे की जानकारी दी। परिजन के संग ही गांव के लोग मौके पर पहुंचे। मिट्टी हटाकर बच्चियों को बाहर निकाल लिया।परी और ननका को नाजुक हालत में सीएचसी कटरा बाजार ले जाते समय रास्ते में परी ने दम तोड़ दिया। परी के बाबा रामकुमार निषाद ने बताया कि बेटा शिवपूजन दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है।बेटे को सूचना दे दी गई है। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि जांच के लिए पुलिस टीम भेजी गई थी।खनन कर छोड़ दिया 15 फीट गहरा गड्ढाभरथौली तालाब के पास क्षेत्र का एक ठेकेदार कई माह से खनन करा रहा था। इससे 15 फिट गहरा गड्ढा खतरा बना हुआ था। परी के बाबा ने बताया कि हादसे के बाद कोई जिम्मेदार सुध लेने नहीं आया।

## बाजारों में होली का खुमार, रंग–गुलाल संग गिफ्ट की बहार

संवाददाता

बलरामपुर। रंगों के पर्व होली का खुमार बाजार पर चढ़ने लगा है। दुकानों पर रंग, गुलाल, पिचकारी के साथ आकर्षक पैकिंग में तरह तरह के गिफ्ट पैक दिखने लगे हैं। लोकसभा चुनाव को देखते हुए इस बार होली पर सियासी खुमार भी देखने को मिलेगी। इसके चलते ही थोक से लेकर खुदरा बाजार में कमल गुलाल व भगवा गुलाल की मांग अभी से तेजी पकड़ने लगी है।थोक व्यापारियों ने बिक्री के लिए मोदी योगी पिचकारी के साथ अबीर गुलाल का स्टॉक भी जुटाना शुरू कर दिया है। कारोबारियों का कहना है कि चुनाव को देखते हुए मोदी–योगी, छोटा भीम व मोटी–पतलू आदि के मुखौटे की डिमांड इस बार कई गुना बढ़ेगी। इसको देखते हुए इस बार भी 20 रुपये से शुरू होकर 200 रुपये तक कीमत वाले मुखौटे बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे।रंग व पिचकारी के साथ ही होली को लेकर तरह तरह के फैंसी परिधानों व कपड़ों की खरीद में भी तेजी आई है। इसके लिए बाजारों में रेडीमेड कपड़ों के शो रूम को खास तौर पर ग्राहकों के लिए सजा संवार कर तैयार किया जा रहा है।

## विवाहिता की हत्या कर सरयू में फेंका शव

संवाददाता

परसपुर (गोंडा)। परसपुर में दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता कोमल सिंह (23) की हत्या कर शव को बाराबंकी में सरयू नदी में फेंक दिया।मायके वालों को विवाहिता के घर से भाग जाने की झूठी सूचना भी दे दी। मायके वालों की सूचना पर पुलिस ने पति समेत ससुराल वालों से पूछताछ की तो सच्चाई सामने आ गई।पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दो घंटे की मशक्कत के बाद शव तलाश निकाला। पुलिस ने पति समेत छह के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।तरबगंज थानाक्षेत्र के रांगी निवासी कौशल कुमार सिंह ने बताया कि बेटी कोमल की शादी दो वर्ष पूर्व परसपुर के बहुवन मदार मांझा रामपाल पुरवा निवासी हरिकेश सिंह से की थी।बेटी ने दहेज प्रताड़ना के बारे में बताया था, पर उसे समझाकर ससुराल भेज दिया था। आरोप है कि मंगलवार को बड़ी बेटी पिंकी सिंह के मोबाइल पर कॉल कर कोमल के ससुराल वालों ने उसके भाग जाने की झूठी सूचना दी।

## फव्वारा सिंचाई से लहलहाएंगी फसलें, किसान होंगे समृद्ध

संवाददाता

बलरामपुर। फव्वारा सिंचाई से खेतों में फसलें लहलहाएंगी। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से ड्रिप सिस्टम लगाने की सुविधा किसानों को दी जा रही है।खेतों में फव्वारा उपकरणों को लगाने वाले किसानों को उद्यान विभाग से 80 से 90 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। फव्वारा सिंचाई से फसलों को बारिश जैसी बूंदों का लाभ मिलता है।इससे फसलों की धुलाई के साथ उनकी जड़ों तक पानी पहुंचता है, जिससे उत्पादन बढ़ता और फसल भी अच्छी होती है।नेपाल सीमा से सटे पचपेड़वा ब्लॉक के जनकपुर गांव में किसान सुधीर सिंह ने 30 बीघे में गन्ने की ट्रेंच विधि से खेती की है। उन्होंने बताया कि यहां गर्मी के मौसम में सिंचाई की समस्या रहती है।उद्यान विभाग से संपर्क करके गन्ने के खेत में 4.04 लाख रुपये में ड्रिप सिस्टम लगवाया, जिसमें उद्यान विभाग से 1.07 लाख रुपये का अनुदान मिला। फव्वारा विधि से गन्ने की सिंचाई कर रहे हैं, जिसे देखने के लिए जिले के अन्य ब्लॉकों से किसानों का समूह आ रहा है।उन्होंने बताया कि 62 बीघे खेत में ड्रिप सिस्टम लगवाने के लिए उद्यान विभाग में ऑनलाइन आवेदन किया है। गर्मी में नेपाल सीमा से सटे चार विकासखंडों हरैया सतघरवा, गैंसड़ी, तुलसीपुर व पचपेड़वा में हार्ड एरिया होने के चलते सिंचाई की समस्या रहती है। इस क्षेत्र के किसानों के लिए फव्वारा सिंचाई की सुविधा सबसे कारगर उपाय है।इन फसलों को मिलेगा लाभफव्वारा से हरे पत्तेदार सब्जियों, सरसों, चना, मटर, धान, गेहूं व आलू के साथ आम व अमरूद के बागों में भी फव्वारा विधि से सिंचाई करके किसानों को अपने फसलों को बेहतर उत्पादन प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

# शांति देवी हत्याकांड के दो हत्यारोपी गिरफ्तार

संवाददाता

संत कबीर नगर। थाना महुली क्षेत्र निवासी मुकदमे की पैरवी करने गई महिला के दो हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार, मृतका की शॉल, बैंक पासबुक, आधार कार्ड व पैन कार्ड बरामद किया। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि नौ मार्च को माया पाण्डेय निवासी भीटी खोरिया थाना खजनी जनपद गोरखपुर ने बहन शान्ति देवी निवासी सांखी थाना महुली उम्र करीब 65 वर्ष के घर से बस्ती न्यायालय पैरवी के लिए जाने व वापस न आने पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। गोरखपुर जिले के सहजनवा क्षेत्र के सुरगहना बांध रोड पर एक महिला का शव मिला। जिसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में पहचान के लिए रखा गया है। इस सूचना पर माया पांडेय व अन्य परिजनों को वहां पर भेजा गया। शव की पहचान शांति देवी पत्नी रमेश राय के रूप में हुई। 12 मार्च को शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। माया पाण्डेय के सूचना के आरोपी पौहारी शरण राय पुत्र परमात्मा राय समेत चार अन्य पर अभियोग पंजीकृत कर पुलिस टीम को हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया था। प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह के अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने मुकदमा के बाद प्रकाश में आये घटना में सम्मिलित दो आरोपियों पुरुषोत्तम तिवारी पुत्र चक्रधर तिवारी निवासी झकही चक बेल्डुहा व सूर्यदेव राय पुत्र रामपति राय निवासी बैड़वा थाना महुली को थाना क्षेत्र के ग्राम मुकुन्दपुर के पास से घटना में प्रयुक्त कार तथा मृतका की शॉल, एक बैंक पासबुक, एक आधार कार्ड व पैन कार्ड आदि बरामद करते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस टीम गठित कर शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। एसपी ने बताया कि पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि सात मार्च को विकास पुत्र सुभाषचन्द्र राय, विनय पुत्र सुभाषचन्द्र राय, पवहारी शरण राय पुत्र परमात्मा राय व जयप्रकाश राय पुत्र दयानन्द राय निवासीगण डुमरिया थाना महुली ने नाथनगर में शान्ति देवी की हत्या करने की योजना विकास राय के चचेरे मामा सूर्य देव राय और टेंपो चालक पुरुषोत्तम तिवारी के साथ मिलकर बनाया। तय योजना के अनुसार सूर्यदेव राय व पुरुषोत्तम तिवारी, शान्ति देवी को बस्ती कचहरी में तारीख कराने के बहाने कार में बैठाकर बस्ती ले गए। रास्ते में नींद की दवा का भारी डोज देकर उनको बेसुध कर काफी देर तक इधर उधर घुमाने के बाद टोल प्लाजा बचाने के लिए पौली, शनिचरा बाजार, धनघटा होते हुए मेंहदावल बाईपास खलीलाबाद पहुंचे। जहां दो बाइक पर शेष चारों आरोपी पहुंच गए। मेंहदावल बाईपास पर गाड़ी में तेल भराने के बाद तय जगह सुरगहना बंधा थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर में कार से कुचलकर शान्ति देवी की हत्या कर दी।

## जिला अस्पताल आए तो मोबाइल फोन साथ लाएं...तभी मिलेगी एक्स–रे रिपोर्ट

संवाददाता

संत कबीर नगर। जिला अस्पताल



के एक्स–रे विभाग में डिजिटल एक्स–रे रिपोर्ट लेने के लिए मोबाइल फोन लाना अनिवार्य है। बिना मोबाइल के यहां एक्स–रे रिपोर्ट नहीं मिलेगा। क्योंकि एक्स–रे रिपोर्ट निकालने के लिए प्रिंटर नहीं है। मरीज या तीमार दार मोबाइल फोन पर एक्स–रे मशीन के स्क्रीन से फोटो खींचते हैं और रिपोर्ट चिकित्सक को दिखाते हैं। अगर मोबाइल फोन नहीं है तो डिजिटल एक्स–रे की रिपोर्ट नहीं मिल पाएगी। जिला अस्पताल में प्रतिदिन 100 से अधिक लोग एक्स–रे कराने पहुंच रहे हैं। मरीजों का एक्स–रे तो हो जा रहा है, लेकिन प्रिंटर न होने के कारण एक्सरे की रिपोर्ट मरीजों को नहीं मिल पा रही है। स्वास्थ्यकर्मी मरीजों से मोबाइल से फोटो खींचने के लिए कहते हैं। ऐसे में जिसके पास एंड्रायड मोबाइल है वह तो फोटो खींच कर चिकित्सक को दिखा दे रहे हैं, लेकिन जिनके पास नहीं है उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है। यह स्थिति कई दिनों से बनी हुई है। इसकी शिकायत करने के बाद भी अभी तक अस्पताल प्रशासन ने कोई कदम उठाता नहीं दिख रहा है। एक्स–रे कराने आए रमेश कुमार, मीना देवी आदि ने बताया कि पैर में दिक्कत होने पर चिकित्सक ने एक्स–रे कराने की सलाह दी। एक्स–रे कराने के बाद रिपार्ट मांगने पर मोबाइल फोन से फोटो खींचने के लिए कहा गया। बताया गया कि प्रिंटर नहीं है। ऐसे में परेशानी उठानी पड़ी। इस संबंध में जिला चिकित्सालय के सीएमएस भवनाथ पांडेय ने कहा कि जल्द ही प्रिंटर की व्यवस्था करा दी जाएगी।

## एक वारंटी समेत पांच आरोपी पर कार्रवाई

संवाददाता

संत कबीर नगर। पुलिस टीम ने अलग–अलग मामले में एक वारंटी समेत पांच आरोपी को पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई किया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस टीम ने कई स्थानों पर दबिश दी। थाना बखिरा पुलिस ने वारंटी बाबूराम यादव पुत्र दुर्वली यादव निवासी किठिउरी को गिरफ्तार किया। इसके अलावा थाना बेलहरकला पुलिस ने चार आरोपी को पकड़कर समस्त कानूनी कार्रवाई पूर्ण करके शांति भंग की आशंका में चालान किया। पुलिस ने सभी आरोपी को संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

## गोवंश लदा पिकअप पलटा, एक की मौत

संवाददाता

संत कबीर नगर। बखिरा क्षेत्र के तिघरा मोड़ पर शनिवार की भोर में करीब तीन बजे एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। गोवंश लदे पिकप से दबकर एक पशु की मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पिकअप के नीचे दबे गोवंश को बाहर निकाला। प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने पांच गोवंश को ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर पिकअप को कब्जे में ले लिया। पुलिस व स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक पिकअप मेंहदा वल से खलीलाबाद की तरफ भोर में जा रहा था। तिघरा मोड़ के निकट पिछला पहिया फट जाने से पिकअप अनियंत्रित होकर दस फिट गहरे गड्ढे में पलट गया। इसमें लदे कुल छह गोवंश दबे हुए थे। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से गोवंश को बाहर निकलवाया।

## शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें अधिकारी : डीएम

संवाददाता

संत कबीर नगर। डीएम महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में शनिवार को खलीलाबाद तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था से संबंधित प्राप्त जन शिकायतों की सुनवाई की गयी। डीएम ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करें। डीएम ने कहा कि विवाद के मामलों में शिकायत का निस्तारण होने की दशा में सहमति पत्र पर दोनों पक्षों का हस्ताक्षर होना आवश्यक है।उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के प्रति सरकार बेहद संवेदनशील हैं। इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही न की जाए। उन्होंने ने सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन में भूमि विवाद, अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए नियमानुसार निस्तारण किया जाए। खलीलाबाद तहसील में कई संदर्भो से संबंधित कुल 53 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें एक मामले का मौके पर निस्तारण कराते हुए शेष 52 शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। कानून व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई एसपी सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों, थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि जमीन संबंधित प्रकरण को गंभीरता से पुलिस व राजस्व विभाग की टीम बनाकर दोनों पक्षों का बयान लेते हुए नियमानुसार निस्तारित किए जाएं। साथ ही निस्तारण की पत्रावली को संरक्षित किए जाएं। इस दौरान एसडीएम सदर शैलेश दूबे, सीओ ब्रजेश सिंह, डीडीओ सुरेश कुमार केसरवानी, परियोजना निदेशक संजय नायक, डीसी मनरेगा प्रभात द्विवेदी, तहसीलदार जर्नादन, नायब तहसीलदार प्रियंका तिवारी आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई सीडीओ संत कुमार ने की। यहां कुल 35 प्रार्थना पत्र आए, जिसमें मौके पर तीन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेजकर निस्तारण के निर्देश दिए गए। यहां पर एसडीएम मेंहदावल अरूण वर्मा आदि उपस्थित रहे। वहीं धनघटा तहसील में समाधान दिवस की सुनवाई एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने विभिन्न मामलों से संबंधित फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुए अधिकारी–कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। यहां पर कुल 34 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इस अवसर पर तहसीलदार धनघटा योगेंद्र कुमार पांडेय, नायब तहसीलदार हरेराम यादव आदि उपस्थित रहे।

## घर में ताला तोड़कर घुसे चोर, नकदी व जेवरात उड़ाए

संवाददाता

संत कबीर नगर। कोतवाली खलीला बाद शहर के बरदहिया जनता मार्ग स्थित बजरंगनगर मोहल्ला के एक घर में चोरी का मामला प्रकाश में आया। ताला तोड़कर घर में घुसे चोर घर से नकदी और कीमती जेवरात समेत अन्य सामान उठा ले गए। घटना की जानकारी के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई।बरदहिया जनता मार्ग स्थित बजरंगनगर मोहल्ला निवासी कांती देवी ने पुलिस को दिए अपने शिकायत में बताया कि 15 मार्च को उनका परिवार रिस्तेदारी में एक शादी समारोह में शामिल होने गया हुआ था। रात में अज्ञात चोर घर के दरवाजे पर लगा ताला तोड़कर घर में घुस गए। चोर घर में रखा सोने का नथिया, मंगलसूत्र, अंगूठी, मांग टीका, चांदी का दो जोड़ी पायल व घर में रखा हुआ लगभग 20 हजार रुपये चुरा लिए।

## छठे चरण में 25 मई को होगा चुनाव, हटवाए गए बैनर व पोस्टर

संवाददाता

संत कबीर नगर। लोकसभा चुनाव की शनिवार को घोषणा हो गई है। छठे चरण में संतकबीरनगर लोकसभा सीट के लिए 25 मई को मतदान होगा। साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इधर आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बैनर–पोस्टर हटवाने का कार्य शुरू हो गया है। इस बीच डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। जो भी लोग चुनाव में बाधा डालने का प्रयास करेंगे, उनसे सख्ती से निपटा जाएगा। निवार्चन आयोग के लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कलक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि छठे चरण में संतकबीरनगर लोकसभा सीट के लिए 25 मई को मतदान होगा। इसके लिए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस दौरान बगैर अनुमति के कोई भी रैली, सभा आदि नहीं कर सकेगा। प्रशासन पारदर्शी, निष्पक्ष व शांति पूर्ण चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। चुनाव से जुड़े अधिकारियों –कर्मचारियों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं।आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। खलीलाबाद शहर के मेंहदावल चौराहा, अंसार टोला, गोलाबाजार, आजाद चौक, बरदहिया बाजार, बैंक चौराहा, शुगर मिल चौराहा आदि स्थानों पर एसडीएम शैलेश दूबे, सीओ बृजेश कुमार सिंह सहित पुलिस बल ने बैनर– पोस्टर आदि हटवाएं।

## पिता की हत्या में पुत्र को आजीवन कारावास की सजा

संवाददाता

संत कबीर नगर। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक रमेश दूबे की कोर्ट ने बहन और भाभी के सामने कुल्हाड़ी से पिता की हत्या के मामले में दोषी पाए जाने पर पुत्र महेश चौधरी को आजीवन कारावास व बीस हजार रुपया अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विवेक प्रताप सिंह ने बताया कि थाना महुली के ग्राम गिठनी निवासी पार्वती ने थाना महुली में 16 अप्रैल 2022 को तहरीर दिया कि उसके सगे भाई महेश चौधरी पिता सुरेश चौधरी को घरेलू बातों को लेकर कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दिया और मौके से फरार हो गया है। बहन की तहरीर के आधार पर पिता की हत्या के मामले में भाई महेश चौधरी के खिलाफ थाना महुली में केस दर्ज हुआ। आरोपी को गिरफ्तार कर आला कत्ल कुल्हाड़ी पुलिस ने बरामद किया। विवेचक ने विवेचना के बाद पिता की हत्या के आरोप में आरोपी महेश चौधरी (पुत्र) के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया।की गवाही मेडिकल रिपोर्ट, डाक्टर का बयान व अभिलेखीय साक्ष्य व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विवेक प्रताप सिंह के तर्को को सुनने के बाद पर अपर सत्र न्यायाधीश रमेश दूबे की कोर्ट ने पिता सुरेश चौधरी (मृतक) की कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर बहन और भाभी के सामने हत्या करने के दोषी बेटे महेश चौधरी को आजीवन कारावास व बीस हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

मिशन संदेश
हिन्दी साप्ताहिक
स्वामी, मुद्रक,प्रकाशक मो.सईद पठान द्वारा अनिल प्रिंटिंग प्रेस प्लाट नं.26, औद्योगिक अस्थान, मुखलिसपुर रोड खलीलाबाद, संत कबीर नगर 272175 उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर,मोहल्ला ईदगाह मोती नगर खलीलाबाद, संत कबीर नगर से प्रकाशित किया गया
सम्पादक
मो0 सईद पठान
मो.– 9454001238
Email:-
missionsandesh.skn@gmail.com
नोट–सभी विवादों का न्याय क्षेत्र संत कबीर नगर मान्य होगा